हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश के 55 प्रतिनिधियों का भी चुनाव



- 15 जिलों में मोहला-मानपुर से एकमात्र महिला जिलाध्यक्ष बनीं नम्रता सिंह
- 10 से पहले प्रदेशाध्यक्ष का भी होगा चुनाव

### 55 प्रदेश प्रतिनिधियों का भी चुनाव

प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, 15 जिलों में 37 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जहां से 37 प्रदेश प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी विधिवत हो गया है। 18 प्रदेश प्रतिनिधि, जो एससी-एसटी और महिला वर्ग से आते हैं, के भी नाम तय किए जा चुके हैं, जिनके चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश से होगी। इस तरह से 55 प्रदेश प्रतिनिधियों का चुनाव हो चुका है।

# भाजपा के 15 जिलाध्यक्षों का ऐलान

## रायपुर रमेश, कांकेर महेश और सुरेंद्र को दुर्ग की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव में रविवार को 15 जिलाध्यक्षों का चुनाव किया गया। रायपुर शहर के नए जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर बनाए गए हैं। रायपुर ग्रामीण की कमान एक बार फिर से श्याम नारंग को सौंपी गई है। मोहला-मानपुर से एक मात्र महिला जिलाध्यक्ष नम्रता सिंह बनाई गई हैं। 14 जिलों में नए अध्यक्षों को कमान सौंपी गई है। अब सोमवार को 19 जिलों में चुनाव होगा। दो जिले राजनांदगांव और कवर्धा का चुनाव अभी रोका गया है। 10 जनवरी से पहले प्रदेशाध्यक्ष का भी चुनाव हो जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज इन जिलों का चुनाव

सोमवार को जिन जिलों में चुनाव होगा, उसमें गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, अंबिकापुर, बिलासपुर शहर, ग्रामीण, जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, खैरागढ़-छुईखदान, नारायणपुर, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, कोरिया शामिल हैं।



### किस जिले में किसे कमान

| | |
|---|---|
| रायपुर शहर | रमेश ठाकुर |
| रायपुर ग्रामीण | श्याम नारंग |
| दुर्ग | सुरेंद्र कौशिक |
| भिलाई | पुरुषोत्तम देवांगन |
| मोहला | मानपुर- नम्रता सिंह |
| कोरबा | मनोज शर्मा |
| कांकेर | महेश जैन |
| बीजापुर | घासीराम नाग |
| मुंगेली | दीनानाथ केशरवानी |
| जशपुर | भरत सिंह |
| रायगढ़ | अरुणधर दीवान |
| बलरामपुर | ओमप्रकाश जायसवाल |
| सूरजपुर | मुरलीधर सोनी |
| बालोद | चेमन देशमुख |
| गौरेला-पेंड्रा | लालजी यादव |

### एकात्म परिसर में हुआ रायपुर का चुनाव

एकात्म परिसर में सबसे पहले रायपुर ग्रामीण में चुनाव पर्यवेक्षक नारायण सिंह चंदेल और चुनाव अधिकारी मोतीलाल साहू ने ग्रामीण के अध्यक्ष के नाम का लिफाफा खोलकर बताया कि श्याम नारंग को वापस राष्ट्रीय संगठन ने अध्यक्ष का जिम्मा देने का फैसला किया है। इसके बाद उनका नामांकन प्रस्तावक, समर्थकों के साथ भरवाने के बाद उनके नाम का ऐलान किया गया। इसके बाद रायपुर शहर में चुनाव अधिकारी शिवरतन शर्मा ने रमेश ठाकुर का नाम बताया और उनका नामांकन भरवाने के बाद उनके नाम का ऐलान किया गया। एकात्म परिसर में चुनाव के समय विधायक सुनील सोनी, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा सहित कई नेता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सिडनी टेस्ट में भारत की हार ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज



**सिडनी।** टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। सिडनी में इस पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से मात दी। ऑस्ट्रेलिया ने इसी के साथ ही 3-1 से टेस्ट सीरीज जीतते हुए बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।

### मोदी 9 को करेंगे प्रवासी सम्मेलन का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर में तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 1915 में महात्मा गांधी के भारत लौटने के उपलक्ष्य में 9 जनवरी को अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ जनवरी को कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जनवरी को समापन भाषण देंगी।

### वाहन के नदी में गिरने से चार की मौत




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पद्दार इलाके में हुई दुर्घटना के बाद चालक समेत दो लोग लापता हैं। बचाव अभियान जारी है। उधमपुर से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला, बेटों की मौत



**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय महिला और उसके दो महीने के शिशु सहित दो बेटों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जंताभाई वाल्मीकि (मां), उनके 9 वर्षीय बेटे महेश और दो महीने के बेटे प्रिंस के रूप में हुई है। यह घटना भीमासर रेलवे स्टेशन के पास उस दौरान हुई, जब कच्छ एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई की ओर जा रही थी।

### हिलेरी समेत 14 को अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, विवादित निवेशक जॉर्ज सोरोस, वोग की प्रधान संपादक एना विंटोर, वैज्ञानिक बिल नेई और अभिनेता डेनजेल वाशिंगटन सहित 14 लोगों को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' प्रदान किया।

शहीद जवान



मारे गए नक्सली



### शव बरामद, इनमें दो महिला नक्सली शामिल, आटोमेटिक हथियार

# अबूझमाड़ में मुठभेड़, फोर्स ने मार गिराए चार नक्सली, एक जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

### नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी ने चलाया ऑपरेशन

अबूझमाड़ में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में फोर्स ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी द्वारा यह ऑपरेशन चलाया गया था।

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों और फोर्स के बीच शनिवार से रविवार तक रुक-रुककर मुठभेड़ जारी रही। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर एवं कोंडागांव की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। इसी बीच फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच शनिवार की शाम से रुक रुककर मुठभेड़ जारी रही। इस दौरानअब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। फोर्स ने अब तक दो महिला नक्सली सहित कुल 4 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। वहीं इस मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए। सर्चिंग में एके 47, एसएलआर जैसे आटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं।



### शहीद को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

पुलिस-नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में शहीद सन्नू कारम की पार्थिव शरीर को चॉपर से दंतेवाड़ा स्थित कारली पुलिस लाइन लाया गया। शहीद सन्नू कारम बीजापुर के मिरतुर-तिम्मेनार के रहने वाले थे। उनकी पत्नी व परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। कारली पुलिस लाइन मैदान में प्रधान आरक्षक सन्नू कारम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, बस्तर आईजी पी सुन्दर राज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, पूर्व विधायक देवती कर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित पूरे पुलिस टीम ने अंतिम सलामी दी।

### खात्मे तक जारी रहेगी लड़ाई



नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान, प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

**- विष्णु देव साय,** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

# डीजल टैंकर में आग ड्राइवर- हेल्पर सहित तीन जिंदा जले

खड़े ट्रेलर से भिड़ा टैंकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर बीती रात डीजल से भरे टैंकर में आग लगने से ड्राइवर, हेल्पर सहित तीन लोग जिंदा जल गए। घटना रात करीब 9 बजे ग्राम गोड़ा के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार डीजल से भरा टैंकर रायपुर से जांजगीर-चांपा की ओर जा रहा था। पलारी के ग्राम गोड़ा के पास खड़े ट्रेलर को टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस

आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम और दमकल घटनास्थल पर पहुंची। दमकल के 2 वाहन काफी मशक्कत के बाद रात 1 बजे आग पर कुछ हद तक काबू पा सके। ग्रामीण भी आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस व यातायात टीम ने बहाल किया।

### अवशेष को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया

बताया जा रहा है कि आग इतनी भयावह थी कि वाहन में सवार लोगों की हड्डियों भी जलकर राख हो गई। जले हुए अवशेषों में से हड्डियों के कुछ टुकड़े ही बरामद हो सके हैं, जिन्हें फॉरेंसिक और डीएनए जांच के लिए भेजा गया है। फिलहाल मृतकों के हड्डियों के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम इस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# घर में घुसकर सराफा कारोबारी की हत्या, फिर कार लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर के सराफा कारोबारी के घर में घुसकर अज्ञात नकाबपोशों ने धारदार हथियार से हमला कर व्यवसायी की हत्या कर दी और उसकी कार लेकर फरार हो गए। घटना रविवार की रात 9.30 से 10 बजे के बीच टीपी नगर क्षेत्र में घटित हुई है। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर स्थित होटल ब्लू डायमंड के सामने निवासरत गोपाल राय सोनी एसएस प्लाजा में अमृता ज्वेलर्स नामक दुकान का ▶▶ शेष पेज 4 पर



- नकाबपोशों ने धारदार हथियार से किया हमला

### पहले भी हो चुकी है घटना

सूत्र बताते हैं कि सराफा व ट्रांसपोर्ट का कारोबार करने वाले गोपाल राय सोनी के यहां पूर्व में भी इस तरह की एक वारदात हो चुकी है। जिस तरह से अब फिर से इस परिवार पर हमले की घटना हुई है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि कोई पारिवारिक रंजिश हो सकती है। हालांकि पुलिस की अधिकारियों की टीम मामले में विभिन्न अंगों पर जांच कर रही है और जिले भर में नाकेबंदी की गई है।

### घर में पति और पत्नी

बताया जाता है कि सराफा कारोबारी गोपाल राय व उनकी पत्नी घर पर ही मौजूद थे। हमलावरों को या पहले से मालूम था कि इस दौरान घर पर दो ही व्यक्ति हैं। इस वारदात के समय उनका पुत्र दुकान पर मौजूद था। बताया जाता है कि उनकी पत्नी बीमार हैं। गोपाल राय पहले कमरे में ही मौजूद थे जिस दौरान हमलावरों ने हमले की घटना को अंजाम दिया है।

### दो विशेष श्रेणी के वीजा की शुरुआत

# विदेशी छात्रों के लिए 'ई-छात्र' और 'ई-छात्र-एक्स' वीजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने देश के शैक्षणिक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विदेशी छात्रों के लिए दो विशेष श्रेणी के वीजा शुरू किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने 'ई-छात्र वीजा' और 'ई-छात्र-एक्स' वीजा पेश किए हैं। सभी आवेदकों को 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल का उपयोग करना होगा।

### इन्हें मिलेगा वीजा

अधिकारियों ने बताया कि ई-छात्र वीजा ऐसे विदेशी नागरिकों को दिया जाएगा, जो भारत में अध्ययन के लिए दाखिला लेंगे और जो भारत में वैधानिक व नियामक निकाय द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में नियमित, पूर्णकालिक, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और ऐसे अन्य औपचारिक प्रोग्राम में अध्ययन करना चाहते हैं।

### ओयो ने किया नियमों में बदलाव

# अब अविवाहित जोड़े नहीं ले सकेंगे होटल में कमरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यात्रा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओयो ने मेरठ से शुरुआत करते हुए भागीदार होटलों के लिए एक नई 'चेक-इन' नीति लागू की है। इसके अनुसार, अविवाहित जोड़ों का अब 'चेक-इन' की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को 'चेक-इन' के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मेरठ से शुरुआत

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी प्लेटफॉर्म ओयो द्वारा लाया गया अविवाहित जोड़ों के चेक-इन पर बैन का नया रूल इसी साल लागू होगा। इसकी शुरुआत मेरठ से हो रही है। शहर में ओयो से कनेक्टेड होटलों को ये नियम तुरंत लागू करने का निर्देश दिया गया है। प्रयोग सफल होने के बाद अन्य शहरों में शुरू होगी।




### जोड़ों को देना होगा रिश्ते का प्रमाण

ओयो की अपडेटेड गाइडलाइंस में साफ कहा गया है कि ऑनलाइन बुकिंग करने वालों सहित सभी जोड़ों को अब चेक-इन के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ ही रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये भी कहा गया है कि कंपनी द्वारा मेरठ में इस नियम को लागू करने क बाद इसके फीडबैक और प्रभावशीलता के आधार पर इसे अन्य शहरों में भी विस्तारित किया जा सकता है।

### दुनिया के 30 से ज्यादा देशों में कारोबार

ओयो की वेबसाइट के मुताबिक कंपनी का बिजनेस भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी फैला हुआ है। करीब 30 से ज्यादा देशों में होटल्स और होम स्टे सर्विस मुहैया कराती है। इसके नेटवर्क में 1.50 लाख से ज्यादा होटल हैं। कंपनी की सेवाएं इंडोनेशिया, मलेशिया, डेनमार्क, अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स, जापान, मेक्सिको, ब्राजील जैसे देशों में मौजूद हैं।






*प्रयागराज। संगम नगरी में 13 जनवरी को मकर संक्रांति के स्नान के साथ ही महाकुंभ की शुरुआत हो जाएगी। महाकुंभ के लिए प्रयागराज में एक-एक कर अखाड़े का पहुंचना जारी है। कई सारे साधु-संत आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। कोई कई सालों से खड़ा हुआ है तो किसी ने 21 साल से हाथ नीचे नहीं किया। किसी के सिर पर 45 किलो का रुद्राक्ष है तो चाबी वाले बाबा 20 किलो लोहे की चाबी लेकर चलते हैं। संगम नगरी पहुंच रहे इन अखाड़ों में एक से बढ़कर एक हठयोगी हैं। महाकुंभ में भांति-भांति के 'बाबा पहुंच रहे हैं जिनमें तिरंगा से लेकर साइकिल वाले बाबा तक सब शामिल हैं। कुंभ मेले में आस्था और भक्ति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं।*

# किसी ने जमीन से नहीं उठाया पैर तो किसी ने 21 साल से नहीं झुकाया हाथ

### 11 साल से जमीन से नहीं उठाया पैर

आवाहन अखाड़े के दूसरे हठ योगी खडेश्वर महाराज हैं। उन्होंने अपने पैर को 11 सालों से जमीन से नहीं हटाया। ये साधु 11 सालों से नहीं कभी बैठे और न कभी लेटकर सोए हैं। इस हठ योगी ने पिछले कई सालों से खुद को खड़ा रखा है। खड़ेश्वर महाराज ने सहारे के लिए टीन की एक ड्रम रखी है। उस पर एक गद्दा रखा है। लगातार खड़े रहने की वजह से खड़ेश्वर महाराज के पैर सूजकर पत्थर जैसे हो चुके हैं।

### 21 साल से हाथ ऊपर किए हैं प्रेमा गिरी महाराज

एक हैं बाबा प्रेमा गिरी महाराज, जो मूलतः गुजरात के हैं जो प्रयागराज में तपस्या कर रहे हैं। 21 सालों से उन्होंने अपने हाथ को ऊपर किया हुआ है। अपनी उर्ध्वबाहु तपस्या हठ योग के चलते हाथ ऊपर किया हुआ है, जिससे उनके नाखूनों की लंबाई बहुत बढ़ चुकी है। बाबा के हाथ सूख चुके हैं, और उनका कहना है कि अब वह कभी अपने हाथ को नीचे नहीं करेंगे।

### चाबी वाले बाबा

कुंभ नगरी प्रयागराज में एक हैं चाबी वाले बाबा, जो अपने अनोखे अंदाज से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। 50 वर्षीय बाबा हरिश्चंद्र विश्वकर्मा को लोग 'कबीरा बाबा' के नाम से भी जानते हैं। वे अपने साथ 20 किलो की लोहे की चाबी लेकर चलते हैं। बाबा का कहना है कि यह चाबी जीवन और अध्यात्म का प्रतीक है।



### लिलिपुट बाबा

महाकुंभ 2025 में आए लिलिपुट बाबा 57 साल के हैं। उनका कद 3 फीट 8 इंच है। उनका हठयोग है कि वे आजीवन नहीं नहाएंगे। पैर में खड़ाऊं और नाक के बीच बाली पहनते हैं। उनका कहना है कि गुरु ने जब हठयोग की दीक्षा दी थी तो स्नान न करने की शर्त थी इसीलिए पिछले 32 साल से स्नान नहीं किया है। हालांकि बाबा स्वच्छता को लेकर बेहद सतर्क हैं।

**बवंडर बाबा :** मध्य प्रदेश से बाइक लेकर महाकुंभ पहुंचे बवंडर बाबा ने मादक पदार्थों पर देवी-देवताओं की तस्वीर लगाने पर आपत्ति जताई। बवंडर बाबा ने साढ़े तीन सालों में 1,15,000 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा की है। अब बिना चप्पल के लाखों किलोमीटर की यात्रा करने वाले बवंडर बाबा अपने साथ जरूरी सामान अपनी गाड़ी में ही रखकर चलते हैं।

### अनाज वाले बाबा

इस बार कुम्भ क्षेत्र में "अनाज वाले बाबा" सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। दरअसल अनाज वाले बाबा का असली नाम अमरजीत है। यह उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के मारकुंडी क्षेत्र के निवासी हैं। बाबा ने अपने सिर पर गेहूं, बाजरा, चना जैसी फसलें उगा रखी हैं, जो उनकी खास पहचान बन चुकी हैं।

### सिलेंडर से ले रहे सांस

आवाहन अखाड़े में एक और साधु हैं जो पिछले चार सालों से सिलेंडर से ही सांस ले रहे हैं। इंद्र गिरी कोरोना के बाद चार साल से सिलेंडर के भरोसे ही सांस ले रहे हैं। इन्द्र योगी के फेफड़े खराब हो चुके हैं इसलिए वो आक्सीजन सिलेंडर से सांस ले रहे हैं। इसके बावजूद वो कुंभ में पहुंचे हैं। बड़े सिलेंडर के साथ नाक में ऑक्सीजन की पाइप लगी है।

## खबर संक्षेप

### ओडिशा के मुख्यमंत्री मांझी के पास ड्रोन गिरा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सुरक्षा में एक बड़ी चूक उस समय सामने आई, जब उनके झारसुगुड़ा दौरे के दौरान उनकी तस्वीरें लेने के लिए प्रशासन द्वारा तैनात किया गया एक ड्रोन दुर्घटनावश उनके नजदीक ही जमीन पर गिर गया। अधिकारियों ने कहा कि कुछ तकनीकी खामी के कारण यह गलती से मुख्यमंत्री के पास गिर गया। माझी झारसुगुड़ा के पुरुनाबस्ती इलाके में झाड़ेश्वर मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी ड्रोन उनके पास गिरा।

### इटावा में दुर्लभ प्रजाति के 528 कछुए बरामद



**इटावा।** इटावा जिले के चौविया क्षेत्र में तस्करी करके बांग्लादेश ले जाए जा रहे दुर्लभ प्रजाति के 500 से ज्यादा कछुए बरामद होने के बाद एक तस्कर गिरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभागीय वन अधिकारी अतुल कांत शुक्ला ने बताया कि चौविया थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली राजमार्ग पर एक ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक में बिजली के सामान के बीच छुपाकर रखी गयी 16 बोरियों में भरे सुंदरी प्रजाति के 528 दुर्लभ कछुए बरामद किये गये।

### गलती से चली गोली से कांस्टेबल की मौत



**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ में सरकारी एके-47 राइफल से कथित तौर पर गलती से चली गोली लगने से एक पुलिस कांस्टेबल माधव चुटिया की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जो डिब्रूगढ़ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निजी सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात थे। मृतक कांस्टेबल ने अपने सर्विस हथियार की सफाई करते समय गलती से ट्रिगर दबा दिया और गोली उसके सीने को भेदती हुई उसके घर में लगे टेलीविजन से टकरा गई।

### अगले तीन-चार दिनों में बर्फबारी, बारिश और कोहरा ढाएगा सितम

# पहाड़ हो या मैदान, ठंड का कोहराम, यूपी-बिहार में 10 मरे, नहीं उड़े सैकड़ों विमान, ट्रेनें लेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहाड़ों से मैदान तक सर्दी का सितम जारी है। जम्मू और कश्मीर समेत पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जहां कई इलाके बर्फ से पटे हैं तो वहीं दिल्ली, यूपी, बिहार सहित कई मैदानी इलाकों में ठिठुरन और कोहरे की मार है। दिल्ली में शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। एयरपोर्ट पर हालत सबसे खराब हैं जहां बीते आठ घंटे से विजिबिलिटी जीरो होने के कारण 160 से ज्यादा फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकीं वहीं दर्जनों ट्रेनें भी घंटों-घंटों लेट चल रहीं हैं। ठंड के कारण यूपी-बिहार में 10 लोगों की मौत हो गई। अरुणाचल के तवांग में जमी झील में 4 टूरिस्ट फंस गए जिनका रेस्क्यू किया गया। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर तेज हो रहा है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में ठंड से 8 लोग और बिहार में 2 लोगों ने जान गंवाई।

### देश के 14 राज्यों में छाया घना कोहरा

देश के 14 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिल रहा है। विजिबिलिटी घटने के कारण दिल्ली में रविवार को 160 फ्लाइट लेट हुईं। 7 कैंसिल भी हुईं। वहीं, 60 से ज्यादा ट्रेनें भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। दिल्ली में 3 दिनों में कुल 900 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। राजस्थान के कुछ जिलों में बारिश की संभावना है। मप्र के मंडला में तापमान 4 डिग्री तक पहुंच गया है। राज्य के कई जिलों में 2 दिन बाद सर्दी और बढ़ने की संभावना है।



### हिमस्खलन की चेतावनी शिकारा बोट बंद

कई इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। डल झील पर बर्फ की सतह बन चुकी है। कोई शिकारा या हाउस बोट भी नहीं चल पा रही है। रेलवे ट्रैक पूरी तरह से बर्फ में दब चुका है। रास्तों से बर्फ हटाते हटाते लोग थक गए तो जेसीबी बुलानी पड़ी। पेड़ भी सफेद बर्फ की चादर लपेटे हुए नजर आ रहे हैं।

### कश्मीर बना बर्फिस्तान, डल झील जमी

देश में पड़ रही ठंड का आलम यह है कि पूरा कश्मीर बर्फिस्तान बना हुआ है, डल झील जमी हुई है, ऐसा लग रहा है कि सब कुछ जम गया है। जिधर देखो बर्फ ही बर्फ है। हालांकि ये बर्फबारी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है और कई जगह पर बर्फबारी ब्लैक आइस में बदल रही है। वो ब्लैक आइस जिससे गाड़ियों के फिसलने और हादसे होने का खतरा बढ़ जाता है। बिगड़ते मौसम ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### टूरिस्ट खुश, किसानों को नई उम्मीद

गुलमर्ग में भी भीषण बर्फबारी हो रही है, इससे टूरिस्टों की लॉटरी सी लग गई है। इस बार बर्फबारी से कश्मीर के किसानों में खुशी है जिसका कारण बर्फबारी से सेब की बागवानी अच्छी होना है। टूरिस्टों को भी ये बर्फ बहुत लुभा रही है लेकिन अब ये बर्फ टूरिस्टों के लिए भी काल बन सकती है।

### क्या है ब्लैक आइस जो बढ़ाएगी मुसीबत

दरअसल बर्फबारी रुकने के बाद आसमान साफ बना हुआ है और तापमान गिरना शुरू हो गया है. तापमान गिरने और आसमान साफ होने पर बर्फ सख्त होना शुरू हो जाता है। इसे ही ब्लैक आइस कहते हैं और ये ब्लैक आइस फिसलन बढ़ा देती है, जिससे गाड़ियां फिसलने लगती हैं और एक्सिडेंट के खतरे बढ़ जाते हैं।

### सुपर स्पीड नमो भारत का उद्घाटन

# अब सिर्फ 40 मिनट में होगा दिल्ली से मेरठ का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह हिंडन एयरबेस से साहिबाबाद पहुंचे और बच्चों के बीच जाकर साहिदाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सवारी भी की। इस बीच उन्होंने कई बच्चों से मुलाकात भी की। उन बच्चों ने पीएम मोदी को कई सारे गिफ्ट्स भी दिए। जिसमें पेंटिंग वगैरह शामिल थीं। इस परियोजना के उद्घाटन से दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा करना अब और आसान हो जाएगा। इससे यात्रा में एक घंटे से भी कम समय लगेगा, साथ ही सुरक्षा, विश्वसनीयता के साथ-साथ तेजी और पूरा आराम भी मिलेगा।

### अलग कोच का अलग होगा किराया

दिल्ली से मेरठ जाने वाले पहले स्टेशन न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये होगा। स्टैंडर्ड कोच में न्यूनतम किराया 20 रुपये से शुरू होकर एक ट्रिप के लिए 150 रुपये तक है, जबकि प्रीमियम कोच में यह 30 रुपये से 225 रुपये के बीच है। वहीं, मेरठ साउथ से आनंद विहार तक का टिकट 130 रुपये का होगा, जबकि प्रीमियम क्लास में मेरठ साउथ से आनंद विहार तक यात्रा करने के लिए 195 रुपये खर्च करने होंगे।

### हर 15 मिनट में ट्रेन, लाखों का फायदा

इस न्यू अशोक नगर से मेरठ तक जाना बहुत ही ज्यादा आसान हो जाएगा। शाम 5 बजे से यात्रियों को नमो भारत ट्रेनें हर 15 मिनट में मिला करेंगी। अशोकनगर से जुड़ते ही मेरठ, गाजियाबाद और दिल्ली के लाखों लोगों के लिए सफर आसान हो जाएगा। फिलहाल नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मेरठ दक्षिण तक 42 किमी. के खंड पर चल रही है। दिल्ली न्यू अशोकनगर तक 13 किमी. का संचालन और बढ़ जाएगा।

# गाजा पर इजरायल ने बरपाया कहर, तीन दिन में 94 हवाई हमले, 184 की मौत

एजेंसी ▶▶| गाजा

गाजा पट्टी में इजरायली सेना एक बार फिर से कहर बरपा रही है। पिछले 72 घंटों में किए गए 94 हवाई हमलों और गोलीबारी में 184 लोग मारे गए हैं। हमास की ओर से संचालित गाजा मीडिया कार्यालय ने अपने बयान में निहत्थे नागरिकों और आवासीय क्षेत्रों विशेषकर गाजा शहर को निशाना बनाते हुए वृद्धि को खतरनाक और क्रूर बताया। बयान में कहा गया कि कई पीड़ित या तो मारे गए या घायल हुए हैं। कुछ तो मलबे में फंसे रहे, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के कारण उनकी अस्पतालों तक पहुंच में बाधा उत्पन्न हुई। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की कि पिछले तीन दिनों में इजरायली हवाई हमले हिंसक रूप से तेज हो गए हैं। बयान में इन भयानक अपराधों के लिए इजरायली सेना को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया गया। इजरायल को हथियार और राजनीतिक समर्थन प्रदान करने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की गई।

- **इजरायल को हथियार देने पर अमेरिकी प्रशासन की आलोचना**



### पाक सेना के काफिले पर हमला, 4 लोगों की मौत 32 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत स्थित तुर्बत में बम विस्फोट के जरिए हमला किया गया है। हमले में चार लोगों की मौत हुई है और 32 लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घायलों में पांच की हालत गंभीर है। विस्फोट के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की। विस्फोट में गंभीर अपराध शाखा के सीनियर एसएसपी और उनके परिवार के 6 सदस्य भी घायल हुए हैं। अधिकारी और उनका परिवार उस वक्त इलाके से गुजर रहा था, तभी विस्फोट हो गया।

# तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2008 में हुए मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को अमेरिका की एक अदालत ने मंजूरी दे दी थी। अब राणा के वकीलों ने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट से उसे बचाने की आखिरी कोशिश की है। राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर निचली अदालत के फैसले की समीक्षा करने की मांग की है। वकीलों ने इसके लिए दोहरे खतरे के सिद्धांत का हवाला दिया है। बता दें कि अगर सुप्रीम कोर्ट भी राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे देता है तो राणा के भारत लाए जाने का रास्ता साफ हो जाएगा। राणा के वकील जोशुआ एल ड्रेटल ने कहा, कोर्ट को याचिका मंजूर करनी चाहिए। उसे यह मानना चाहिए कि अमेरिका-भारत प्रत्यर्पण संधि के दोहरे खतरे वाले प्रावधान में अपराध शब्द का तात्पर्य दोनों देशों में आरोपों के अंतर्निहित आचरण से है, न कि उन अपराधों के तत्वों से जिन पर संबंधित देशों ने आरोप लगाए हैं।



### राणा ने याचिका में क्या कहा?

राणा ने याचिका में दोहरे खतरे के सिद्धांत का हवाला दिया है, जो किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए 2 बार मुकदमा चलाने या दंडित करने से रोकता है। राणा ने तर्क दिया कि उसके खिलाफ इसी मामले में इलिनोइस की संघीय अदालत में मुकदमा चलाया गया था और बरी भी कर दिया गया था। अब भारत भी उन्हें आरोपों के आधार पर प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है।

### महाधिवक्ता ने किया विरोध

अमेरिका के अतिरिक्त महाधिवक्ता एलिजाबेथ बी प्रीलोगर ने कहा, सरकार यह नहीं मानती कि जिस आचरण के आधार पर भारत प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है, वह इस मामले में सरकारी अभियोजन के दायरे में आता है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस मामले में जूरी के फैसले का अर्थ यह है कि उन्हें भारत द्वारा लगाए गए सभी आरोपों में दोषी ठहराया गया है या बरी किया गया है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
20 वर्षों से प्रसिद्ध
सुखौना टेबलेट
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

### 'जो बोला वो सही नहीं'

# ओवैसी ने मोदी पर उठाए सवाल भड़क गए नसीरुद्दीन चिश्ती

एजेंसी ▶▶| अजमेर

अजमेर दरगाह दीवान जैनुल आबेदीन अली खान के बेटे नसीरुद्दीन चिश्ती ने शनिवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से चादर भेजे जाने को सकारात्मक रूप में देखा जाना चाहिए। चिश्ती ने कहा कि परंपरा रही है कि चादर प्रधानमंत्री की ओर से चढ़ाई जाती है, जिसका पालन मोदी कर रहे हैं। चिश्ती ने कहा, 'ओवैसी का बयान उचित नहीं है। वह प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ सकते हैं, जो उन्होंने चादर के साथ भेजा है।



### चादर चढ़ाए जाने पर क्या कहा था ओवैसी ने

हैदराबाद में ओवैसी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर दरगाह पर चादर भेजने से कोई फायदा नहीं है। सरकार को मौजूदा मस्जिदों या दरगाहों को लेकर अदालतों में दायर किए जा रहे दावों को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। ओवैसी ने कहा कि अजमेर दरगाह पर चादर भेजने से कोई लाभ नहीं है इस चादर से लोगों के जख्म नहीं भरेंगे।

### पीएम मोदी ने क्या भेजा संदेश?

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजिजू ने अजमेर दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा, जिसमें सभी धर्मों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया गया है। मोदी ने कहा भारत में विभिन्न कालखंडों में विभिन्न संतों और फकीरों ने जन-जन के बीच जाकर उनके जीवन को आलोकित किया और मानवता के संदेश से अपनी अमिट छाप छोड़ी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर

सोमवार, 6 जनवरी 2025

पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 23, अंक : 171
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 13.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 इस साल बदल जाएगी पूरी तस्वीर





विचार पेज
2 नए साल में बेहतर होगी अर्थव्यवस्था



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# छत्तीसगढ़ पुलिस के हाथ होगी 9 एमएम ऑटोमेटिक पिस्तौल, वार करने की क्षमता 18-20 मीटर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ पुलिस के हाथों में जल्द ही ऐसी 9 एमएम कैलिबर सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल होगी, जो 18 से 20 मीटर की दूरी तक सटीक निशाना साधेगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने ऐसी क्षमता वाली 120 पिस्तौल खरीदी की तैयारी शुरू कर दी है। हथियार खरीदी के लिए टेंडर जारी किया गया है। साथ ही 1160 नग असॉल्ट रायफल की खरीदी भी की जानी है। इस खरीदी के लिए पहले भी दो बार टेंडर निकाले गए, लेकिन सौदा नहीं जमा। अब तीसरी बार फिर टेंडर निकाला गया है। हथियारों की खरीदी के लिए पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी किया है। टेंडर जमा करने के लिए 22 जनवरी तक का समय दिया गया है। राज्य में नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात किए जाने वाले जिला बल के अलावा बटालियन में काम करने वाले पुलिस कर्मचारी और अधिकारी रायफल और पिस्तौल से लैस रहकर सुरक्षा व्यवस्था को मजूबत बनाने का काम करते हैं। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए शस्त्रों की खरीदी की जा रही है।

### 1160 असॉल्ट रायफल की खरीदी भी

पुलिस मुख्यालय 1160 नगर असॉल्ट रायफल खरीदी की तैयारी में भी है। हालांकि इस सौदे के लिए पहले दो बार टेंडर बुलाए गए हैं, लेकिन सौदा नहीं जमने पर तीसरी बार टेंडर किया गया है। यह रायफल 500 मीटर रेंज वाली होगी और एक मिनट में 600 राउंड फायर की क्षमता से युक्त होगी।

## पिस्तौल और रायफल के लिए टेंडर 22 को जमा होंगे



### 17 राउंड फायर करने वाली पिस्तौल

पुलिसकर्मियों के लिए जो पिस्तौल खरीदी जानी है, वह उच्च क्षमता से युक्त होगी। 9 मिमी कैलिबर सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल में 9x19 मिमी पैराबेलम कारतूस इस्तेमाल होंगे। यह पिस्तौल पॉलिमर-फ्रेमयुक्त, शॉर्ट रिकॉइल-संचालित, लॉक-ब्रीच पॉलिमर निर्मित पिस्तौल की पकड़ में बेहतर संतुलन और मजबूत हाथ की पकड़ के लिए उंगली के खांचे वाली होगी। पिस्तौल की प्रभावी रेंज 18-20 मीटर, स्लाइड लंबाई अधिकतम 190 मिमी, मैगजीन सहित ऊंचाई अधिकतम 140 मिमी, चौड़ाई अधिकतम 35 मिमी के साथ मैगजीन की क्षमता न्यूनतम 17 राउंड होगी। भरी हुई मैगजीन के साथ वजन अधिकतम 920 ग्राम या उससे 10 ग्राम अधिक हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन दिखने की जांच



**भुवनेश्वर।** पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर रविवार तड़के एक ड्रोन देखे जाने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। ड्रोन तड़के करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया और यह करीब आधे घंटे तक मंडराता रहा। इससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गईं, क्योंकि यह क्षेत्र उड़ान निषिद्ध क्षेत्र है। घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई हैं।

### 11 को 11 बजे रामलला का अभिषेक करेंगे योगी



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा होने पर 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को पहले दिन 11 बजे अयोध्या मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे।

### सिंधु लिपि पढ़ने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि सिंधु घाटी लिपि एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है। उन्होंने इसे पढ़ने वाले को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देने की घोषणा की। उन्होंने सिंधु सभ्यता की खोज के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

### एनआईए ने साइबर ठगी मामले में की छापेमारी



**नई दिल्ली।** एनआईए ने मानव तस्करी और साइबर ठगी मामले की जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में मोबाइल फोन या टैबलेट और कई बैंकों के डेबिट कार्ड, पासबुक, चेक बुक सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए गए।

### मिजोरम-म्यामां सीमा पर बढ़ी सुरक्षा




**आइजोल।** केंद्र के निर्देश के बाद 510 किलोमीटर लंबी मिजोरम-म्यामां सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है । बिना तारबंदी वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया है। नागरिकों को सात दिन तक की वैधता वाला पास जारी किया जा रहा है।

### शौचालय में तांक-झांक प्राचार्य समेत 7 पर केस



**हैदराबाद।** एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की कुछ छात्राओं ने छात्रावास के शौचालय में उनकी वीडियो बनाने का आरोप लगाया। इसके बाद दो लोगों को 'ताक-झांक' करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। विरोध प्रदर्शन के बाद, कॉलेज के प्रचार्य, निदेशक और अध्यक्ष सहित सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर कसा तंज

# मोदी ने दिल्ली में फूंका चुनावी बिगुल कहा-'आप-दा' सरकार, कट्टर बेईमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी शंखनाद किया। रोहिणी में भाजपा की 'परिवर्तन रैली' को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा और कहा-'आप-दा सरकार, कट्टर बेईमान'। इधर, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पत्रवार्ता कर प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।*

प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार पर केंद्र के साथ लड़कर एक दशक बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय राजधानी को भविष्य का शहर बनाने के लिए भाजपा को एक मौका दें। प्रधानमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा के सत्ता में आने पर कोई भी लोक कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी। भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के 10 साल के शासन को 'आप-दा' करार दिया और कहा कि इसके सत्ता से हटने से ही राष्ट्रीय राजधानी में सुशासन का राज स्थापित होगा। दिल्ली के रोहिणी में भाजपा की 'परिवर्तन रैली' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली का दिल जीतने का सबसे 'स्वर्णिम अवसर' बताया और जनता से दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वह किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास ▶▶|शेष पेज 4 पर

## कहा-भाजपा सत्ता में आई तो बंद नहीं होगी कोई कल्याणकारी योजना

### दिल्ली सरकार को कहा, 'आप-दा' सरकार

मोदी ने कहा कि जिस 'आप-दा' सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई दृष्टि न हो और जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली के लोगों का विकास नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि आज भी दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं, वह केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है।

### कल्याणकारी योजनाओं का वादा

मोदी ने आप सरकार पर यह डर फैलाने का भी आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा सरकार उसके द्वारा लागू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी।



### शीशमहल पर केजरीवाल को घेरा

मोदी ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार झूठे आरोप लगाती है कि केंद्र सरकार उसे काम नहीं करने देती या फिर केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती है। उन्होंने कहा, ये कितने बड़े झूठे हैं...इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने कैग रिपोर्ट के आधार पर शीशमहल पर हुए खर्च का खुलासा किया है। जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, तब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे, तब इन लोगों का पूरा ध्यान अपना शीशमहल बनवाने पर था।

## केजरीवाल ने कहा- प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लोगों को दी गालियां

*इधर, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और रोहिणी की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी द्वारा लगाए गए आरोपों पर जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं। दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी आज 38 मिनट बोले और 29 मिनट तक दिल्ली के लोगों को और दिल्ली के लोगों को चुनी हुई सरकार को गालियां देकर गए हैं। चुनकर गालियां दी हैं, प्रधानमंत्री जी से उम्मीद है कि वह देश को दिशा देंगे। मैं उनके निजी हमलों पर नहीं जाना चाहता।*



### भाजपा पर साधा निशाना

भाजपा पर हमला करते हुए केजरीवाल ने कहा कि केंद्र ने दिल्ली के विकास का प्लान रोका है। पीएम मोदी ने किसानों से किया वादा भी पूरा नहीं किया। 2020 में उन्होने जमीन सुधार का वादा किया था। हमने दिल्ली विधानसभा से उसे पास किया। किसानों के ऊपर झूठे मुकदमे हो रहे हैं।

# जीपी सिंह की पत्नी पर दर्ज भ्रष्टाचार के केस को हाईकोर्ट ने किया रद्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ कैडर के 1994 बैच के आईपीएस जीपी सिंह के अलावा उनकी पत्नी के खिलाफ पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा दर्ज करवाए गए एंटी करप्शन ब्यूरो में आय से अधिक संपत्ति के मामले को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच से यह आदेश जारी हुए हैं। डिवीजन बेंच ने इस एफआईआर को पूर्वाग्रह से ग्रस्त माना है। इस मामले में जीपी सिंह के साथ ही एसीबी ने उनकी पत्नी, माता–पिता और पारिवारिक मित्र के खिलाफ भी केस दर्ज किया था। जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले को हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने रद्द कर दिया था। जबकि उनके माता-पिता का देहावसान हो चुका है, जिसके चलते उनके माता-पिता के ऊपर केस खत्म हो चुका है। वहीं जीपी सिंह की ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ मनप्रीत के दस साल के इनकम की नहीं की थी गणना

### न समन जारी किया, न पक्ष जाना

याचिका में कहा गया कि सन 2001 से लेकर 2021 तक उनके पति जीपी सिंह जहां-जहां पदस्थ रहे वहां विभिन्न कॉलेजों में उन्होंने मेहमान प्रवक्ता के तौर पर नौकरी की है, जिससे उन्हें आय प्राप्त हुई। इसके अलावा कंसल्टेंसी से भी उन्हें आय प्राप्त हुई। उनकी उनके पति जीपी सिंह के अलावा इंडिविजुअल इन इनकम है। उन्होंने नियमित तौर पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तहत 2001 से अपनी इनकम टैक्स रिटर्न भरा है, पर उनकी 10 साल की इनकम को एसीबी ने काउंट ही नहीं किया। न ही ▶▶|शेष पेज 4 पर

# बिधूड़ी बोले- प्रियंका के गाल जैसी बना देंगे सड़कें

## इधर, मोदी की रैली में कहा- आतिशी ने बाप बदला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से भाजपा कैंडिडेट रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि आतिशी ने अपना बाप बदल लिया है। वे मार्लेना से सिंह बन गई हैं। इससे पहले रमेश बिधूड़ी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कहते हैं, लालू ने वादा किया था बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं. वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। इस बयान के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिला विरोधी है। बिधूड़ी के विवादित टिप्पणी के बाद सियासी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस ने बिधूड़ी के बयान को लेकर भाजपा पर तीखा हमला किया है।

### बिधूड़ी ने सफाई में क्या कहा

रमेश बिधूड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था, परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूं।

### पवन खेड़ा ने जताया ऐतराज

बयान का वीडियो कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर शेयर किया। पवन खेड़ा ने इस बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बदतमीजी सिर्फ इस घटिया आदमी की ही मानसिकता नहीं दिखाती, यह है इसके मालिकों की असलियत। ऊपर से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कार आपको भाजपा के इन ओछे नेताओं में दिख जाएंगे।

### विवादों से पहले भी रहा नाता

*रमेश बिधूड़ी का विवादित बयानों से पहले भी रिश्ता रहा है। साल 2023 के सितंबर में रमेश बिधूड़ी सांसद थे। तब उन्होंने संसद में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ ऐसी टिप्पणी की थी जिसे संसद की कार्रवाई से हटाया गया। इससे पहले साल 2017 में बिधूड़ी ने सोनिया गांधी के इतालवी मूल के होने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने तब मथुरा में एक जनसभा के दौरान कहा, इटली में ऐसे संस्कार होते होंगे कि शादी के पांच-सात महीने बाद पोता या पोती भी आ जाए, भारतीय संस्कृति में ऐसे संस्कार नहीं हैं।*

## महाकुंभ से पहले पहुंच रहे पर्यटक



**13 जनवरी से प्रयागराज महाकुंभ**

**40 से 45 करोड़ आगंतुक आएंगे**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की तैयारियां प्रयागराज में जोरों-शोरों से चल रही है। इसे लेकर धार्मिक तैयारियों का रिहर्सल भी किया जा रहा है। महाकुंभ को लेकर देशभर के संतों का आगमन हो रहा है। इस बीच, महाकुंभ मेले से पहले संगम तट पर बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंच रहे हैं।

पोरबंदर एयरपोर्ट पर हादसा

# तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश दो पायलट समेत तीन की मौत

एजेंसी ▶▶| पोरबंदर

गुजरात के पोरबंदर के बाहरी इलाके में स्थित हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर उतरने के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में आग लग गई जिससे चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पोरबंदर के एसपी भागीरथ सिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना 12 बजकर 10 मिनट पर हुई जब आईसीजी का 'एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर' नियमित उड़ान से लौट रहा था।



### पहले भी हुई थी ऐसी भयानक घटना

ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर पोरबंदर के पास सितंबर में अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। घटना के जवाब में तटरक्षक बल ने अपने एएलएच बेड़े के एक बार के सुरक्षा निरीक्षण का आदेश दिया, जिसमें उड़ान नियंत्रण और ट्रांसमिशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## पति को खोने के बाद भी दिव्या का नहीं टूटा साहस

# सिलाई-बुनाई कर बच्चों को पाला, राष्ट्रपति से मिलेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

इस साल के गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश की दस लखपति दीदीयों का राष्ट्रपति के हाथों सम्मान होने वाला है। खास बात यह है कि इनमें राजनांदगांव के कुसमी गांव की लखपति दीदी दिव्या निषाद का नाम भी शामिल है। उन्हें 26 जनवरी को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान को पाने वाली दिव्या की कहानी भी रोचक रही है।

करीब चार साल पहले कोरोनाकाल में अपने पति को खोने के बाद भी दिव्या का साहस नहीं टूटा। दिव्या ने अपने दो बच्चों की परवरिश बेहतर ढंग से करने के लिए दिन-रात मेहनत की। सिलाई, बुनाई और कपड़ा व्यवसाय कर दिव्या ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पहली बार दिल्ली जाएंगी

*लखपति दीदी का सम्मान पाने वाली दिव्या ने बताया कि वे पहली दफा देश की राजधानी दिल्ली जाने वाली है। उन्होंने बताया कि सम्मान मिलने की खबर फैलते ही उनको बधाई देने वालों की भी संख्या बढ़ गई है। लोग अब घर तक पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे हैं।*



**पहले कपड़ा फिर किराना दुकान**

दिव्या ने बताया कि वे छग राज्य ग्रामीण बैंक में बैंक मित्र के रूप में डेढ़ दशक से काम कर रही है, लेकिन पति की मौत के बाद उनकी कमाई कम पड़ने लगी, ऐसे में उन्होंने महिला समूह की मदद से ऋण लेकर साल 2022 में कपड़े का व्यापार शुरू किया। रोजाना कपड़ा व्यवसाय से हजार रुपए की कमाई उनकी हो जाती है।

### मदद के लिए शुरू किया था काम

दिव्या के अनुसार उनके पति की आमदनी से परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो रहा था। ऐसे में वह साल 2012 में महिला समूहों से जुड़ी थी। वे भरेगांव स्थित छग राज्य ग्रामीण बैंक में बैंक मित्र के रूप में कार्यरत रही, लेकिन पति की मौत के बाद आय का स्त्रोत बढ़ाने के लिए उन्होंने अन्य काम भी शुरू किया।

### झारखंड में नौ ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने धन और आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी से जुड़े नक्सलवाद के मामले के सिलसिले में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नौ स्थानों पर छापेमारी की। नौ स्थानों पर भाकपा से जुड़े संदिग्धों और 'ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू) के कई परिसर पर ली गई। तलाशी के दौरान एनआईए ने मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य वस्तुएं बरामद कीं। यह मामला 10,50,000 रुपए की नकदी, एक वॉकी-टॉकी, एक सैमसंग टैबलेट, एक पावर बैंक, एक रेडियो सेट, एक लेवी वसूली रसीद, एक पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ों की बरामदगी और जब्ती से जुड़ा है। भाकपा (माओवादी) के सदस्य मिसिर बेसरा का एक 'नेक बैंड', टाइटन चश्मा और अन्य वस्तुएं मिली हैं।

## चिंतन

# कमजोर हो रहा रुपया बढ़ाएगा आर्थिक चिंताएं

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया का लगातार कमजोर होना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सुखद नहीं है। पिछले दो महीने से रुपया कमजोर होता जा रहा है। यह आर्थिक चिंताएं बढ़ा रहा है। बीते सप्ताह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 85.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले वर्ष रुपये की विनिमय दर में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर में भी प्रति डॉलर रुपये का विनिमय दर 85 रुपये प्रति डॉलर पार कर गया था। रुपये के मूल्य में गिरावट से आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी और कुल मिलाकर देश में महंगाई बढ़ सकती है जिससे आम लोगों की जेब पर प्रभाव पड़ेगा। रुपया कमज़ोर होने का मतलब है कि डॉलर की तुलना में रुपये का मूल्य कम हो गया है। रुपये के कमज़ोर होने पर विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आती है। जब विदेशी मुद्रा भंडार कम होता है, तो आयात की लागत बढ़ती है। इससे भी देश में महंगाई बढ़ती है। डॉलर की मांग बढ़ने लगती है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में उथल-पुथल से निवेशक घबराकर डॉलर खरीदने लगते हैं। इससे डॉलर के मुकाबले बाकी मुद्राओं में गिरावट आती है। व्यापार घाटा बढ़ने पर भी रुपया कमजोर होता है। तीसरी तिमाही में व्यापार घाटा बढ़ा है। सबसे अधिक चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा है। अमेरिका के साथ भी व्यापार घाटा है। अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद भारतीय बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी है। भारत और अमेरिका के बीच मुद्रास्फीति का अंतर बढ़ा है। अमेरिकी में महंगाई में गिरावट भारतीय मुद्रास्फीति की तुलना में ज्यादा है, इसलिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वृद्धि दर को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख ब्याज दर में कमी की है। रुपये में गिरावट से विदेशी निवेशकों के सेंटिमेंट पर भी असर पड़ता है। अभी भारतीय स्टॉक मार्केट से विदेशी संस्थागत निवेशकों ने साढ़े चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। शेयर बाजार मं भी संकुचन की स्थिति पैदा होती है। हालांकि, दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण, भारत की मुद्रास्फीति पर बहुत प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा गत शुक्रवार को 0.43 प्रतिशत गिरकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर था। यदि रुपये में गिरावट बाजार की ताकतों (मांग और आपूर्ति) के कारण होती है, तो उत्पादन वृद्धि और महंगाई दोनों बढ़ेंगे। हालांकि रुपये में गिरावट के बावजूद यह एशिया के अपने समकक्ष देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। रुपया के टूटने से विदेश यात्रा और दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करना भी महंगा हो जाता है। कमजोर रुपये का लाभ तभी है जब देश का निर्यात बढ़े। रिजर्व बैंक को हस्तक्षेप करना चाहिए। हाल ही में सोने की खरीद के कारण चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि हुई है। कमजोर रुपये के चलते विदेशी मुद्रा में कर्ज लेने वाली कंपनियों को भुगतान की अधिक लागत चुकानी पड़ेगी। और आयातित कच्चे माल पर निर्भर इकाइयों को कम लाभ मार्जिन देखने को मिल सकता है। यह भारत में विदेशी निवेश प्रवाह को भी सीमित कर सकता है। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में कमी ने भी रुपये के लिए मुश्किलें बढ़ाईं। रुपये को मज़बूत बनाने के लिए निर्यात बढ़ाने, अनावश्यक आयात को नियंत्रित करने व उच्च मूल्य के आयात पर नियंत्रण करने जैसे उपाय करने होंगे।



उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए साल में बेहतर होगी अर्थव्यवस्था

2024 में शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही । विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थ विशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

यकीनन वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों के द्वारा नए वर्ष 2025 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक नया वर्ष 2025 भारत के लिए उजली आर्थिक संभावनाओं वाला वर्ष होगा। नए वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था बीते वर्ष 2024 से मिली आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ेगी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होगी। यदि हम नए वर्ष 2025 को बीते वर्ष 2024 से मिलने वाली आर्थिक विरासत को देखें तो पाते हैं कि इस विरासत में जहां कई चुनौतियां हैं, वहीं विकास के कई मजबूत आर्थिक आधार भी हैं। यद्यपि बीते वर्ष की शुरुआत 8 फीसदी विकास दर के साथ हुई थी, लेकिन बीते वर्ष की जुलाई से सितंबर की तिमाही में महज 5.4 फीसदी की विकास दर के कारण कई आर्थिक गणित गड़बड़ा गए। बीते वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया महंगाई तथा रोजगार चिंताजनक मुद्दे रहे हैं।

महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग अधिकांश महीनों में बनी रहीं। खासतौर से नवंबर 2024 के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढ़ने लगी और महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित दायरे से बाहर रही। बीते वर्ष में यद्यपि शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। विदेश व्यापार घाटा भी बढ़ा। रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा। वर्षभर डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत घटती गई और दिसंबर 2024 में डॉलर के मुकाबले रुपया लुढ़ककर 85 से भी नीचे के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2024 में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही । विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थ विशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

खासतौर से सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फुड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में तेज विकास होगा। इससे रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई देंगे। नए वर्ष 2025 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही सोना-चांदी के भावों की नई उड़ान भी दिखाई देगी। गौरतलब है कि नए वर्ष 2025 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे नए वर्ष में देश अधिक लाभांवित होगा। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष



2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निश्चित रूप से नए वर्ष में देश के कोने-कोने में मेक इन इंडिया अभियान की शक्ति बढ़ेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य भी उभरकर दिखाई देगा। देश में चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिलते हुए दिखाई देंगे। निःसंदेह नए वर्ष 2025 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन, खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को बीते हुए वर्ष से जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे नए वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ेगी, ग्रामीण इलाकों में खपत भी बढ़ेगी। देश में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.22 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल का अधिक उत्पादन हुआ है। गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन 1132.92 लाख टन और चावल का उत्पादन 1378.25 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। यह अनुमान किया गया है कि सरकार की नई कृषि विकास रणनीति से नए वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नए वर्ष 2025 में भारत में कर संग्रह में तेज वृद्धि होगी। उद्योग-कारोबार में बेहतरी से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढ़कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.28 आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए वर्ष में दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। इससे बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ेगी। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करेगा।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए वर्ष में निर्यात और विदेशी निवेश की संभावना बढ़ेगी। सरकार की वित्तीय नियंत्रण की नीतियों से नए वर्ष 2025 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहते हुए दिखाई देगा। हम उम्मीद करें कि जनवरी 2025 में ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका द्वारा चीन पर भारी व्यापार प्रतिबंधों की संभावना से भारत के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश बनने की संभावना बढ़ेगी। नए वर्ष में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी और कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के द्वारा आर्थिक और वित्तीय सुधारों, कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। नए वर्ष में भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर होगी और इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, नए वर्ष में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा और ऐसे तेज आर्थिक विकास से देश के आम आदमी के चेहरे पर भी आर्थिक मुस्कुराहट बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

स्वच्छता
बाल मुकुन्द ओझा



# महाकुम्भ को प्रदूषण मुक्त करने का अनूठा अभियान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और प्रदूषण मुक्त करने के लिए अनूठा अभियान चलाया जा रहा है। संघ ने इसके लिए एक थाली-एक थैला अभियान शुरू किया है। 45 दिन के महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में वहां भोजन आदि से 40 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलने की भी संभावना है। संघ का कहना है कि तीर्थयात्रियों के पास तक एक थाली और थैला पहुंचाया जाएगा तो महाकुंभ में कचरे को कम किया जा सकता है। एक थाली एक थैला अभियान चलाने के पीछे संघ की सोच है कि श्रद्धालुओं को डिस्पोजल बर्तनों में भोजन न करना पड़े। महाकुंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहयोगी संस्था अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की तरफ से आस्था के इस मेले में एक थाली एक थैला अभियान की देशभर में सराहना की जा रही है। महाकुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं और संस्थाओं को स्टील की थाली व कपड़े से बने हुए थैले बांटे जा रहे हैं। संघ से जुड़े संगठन की तरफ से पूरे मेला क्षेत्र में अभियान चला कर 20 लाख से ज्यादा थालियां और करीब इतने ही थैले बांटे जाने हैं। यह थालियां और थैले देशभर से इकट्ठे किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने थैले और थाली का यह अभियान इसलिए चलाया है ताकि स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री कुंभ की परिकल्पना साकार हो सके। गतिविधि से जुड़े हुए पदाधिकारियों के मुताबिक यूपी की योगी सरकार ने महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री के तौर पर आयोजित करने का फैसला किया है। इसी के तहत महाकुंभ क्षेत्र में कपड़े के थैले बांटे जा रहे हैं। कपड़े के थैले होने पर लोग प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचेंगे, वहीं थाली साथ होने पर लोग



उसे ही धोकर इस्तेमाल करेंगे। इसका एक बड़ा लाभ यह होगा कि कचरा इधर-उधर लोग नहीं फेंकेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कि यह मुहिम खासी चर्चा में है। लोग इस मुहिम की जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे सफल बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प ले रहे हैं। कचरा पूरी दुनिया के लिए एक वैश्विक समस्या है। भारत की बात करें तो आज घर-घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। कचरा में प्लास्टिक सबसे खतरनाक माना जाता है। प्लास्टिक कचरा से हर देश परेशान है। सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद हमारा फ्री प्लास्टिक का सपना पूरा नहीं हो रहा है और इसका एक मात्र कारण इसका सस्ता, टिकाऊ और हल्का होना है। पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के बाद भी इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। हर जगह पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। किराना सामान खरीदना हो या फिर सब्जी, फल हों या अन्य सामग्री, हर जगह अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग की जा रही है। पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान प्लास्टिक कचरा से पहुंचता है। वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है। दुनिया भर में अरबों प्लास्टिक के बैग हर साल फेंके जाते हैं। ये प्लास्टिक बैग नालियों के प्रवाह को रोकते हैं और आगे बढ़ते हुए वे नदियों और महासागरों तक पहुंचते हैं। चूंकि प्लास्टिक स्वाभाविक रूप से विघटित नहीं होता है इसलिए यह प्रतिकूल तरीके से नदियों, महासागरों आदि के जीवन और पर्यावरण को प्रभावित करता है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण लाखों पशु और पक्षी मारे जाते हैं जो पर्यावरण संतुलन के मामले में एक अत्यंत चिंताजनक पहलू है।

आज हर जगह प्लास्टिक दिखता है जो पर्यावरण को दूषित कर रहा है। जहां कहीं प्लास्टिक पाए जाते हैं वहां पृथ्वी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है और जमीन के नीचे दबे दाने वाले बीज अंकुरित नहीं होते हैं तो भूमि बंजर हो जाती है। प्लास्टिक नालियों को रोकता है और पॉलीथीन का ढेर वातावरण को प्रदूषित करता है। चूंकि हम बचे खाद्य पदार्थों को पॉलीथिन में लपेट कर फेंकते हैं तो पशु उन्हें ऐसे ही खा लेते हैं जिससे जानवरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यहां तक कि उनकी मौत का कारण भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का महाकुम्भ को प्लास्टिक फ्री करने का अभियान निश्चय ही देशवासियों के समक्ष एक प्रेरणादायी उदहारण है। देश में लाखों की संख्या में सामाजिक संस्थाएं है जिन्हें संघ से प्रेरणा लेकर देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मिलजुलकर प्रयास करने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की करें कोशिश



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटनाओं का कारण

हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार भी नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की लग रही है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलिटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। धुंध से होने वाले हादसों से बचने के लिए सरकार, प्रशासन और आमजन को मिलजुल कर प्रयास करने चाहिएं। ट्रैफिक पुलिस को हाइवे पर पैट्रोलिंग करनी चाहिए। अगर कोई हादसा हो जाता है, तो तुरंत बचाव कार्य शुरू होना चाहिए। *- साकेत अग्रवाल, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सपनों को नई ऊंचाई



स्वाभिमान अपार्टमेंट्स ने दिल्ली के मेरे गरीब भाई-बहनों के सपनों को नई ऊंचाई दी है। इससे यहां के बच्चों को भी जीवन में आगे बढ़ने का एक नया हौसला मिला है। उनसे बातचीत कर मन को बहुत संतोष हुआ है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दंडात्मक कार्रवाई करें



आगरा में अवैध रूप से गिरायी गयी ऐतिहासिक धरोहर के मामले में हमारी संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्त्व विभाग से माँग है कि सभी दोषियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराएं और वैधानिक रूप से दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### टीम भावना नष्ट



ऐसा लग रहा है कि हमारी बदहवास क्रिकेट टीम सीरीज में हार की ओर बढ़ रही है। क्षुद्र अहंकार ने टीम भावना को नष्ट कर दिया है। बुमराह पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी उनका साथ देने में नाकाम हो रही है
-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### कला के प्रति वफादार



पायल कपाड़िया साबित करती हैं कि सिर झुकाकर, मूर्खों और समाजशास्त्रियों को नज़रअंदाज करते हुए, सिनेमा नामक कला के प्रति वफादार बने रहना ही मायने रखता है।
-सुधीर मिश्रा, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# क्या वेगनरी लंबे समय तक मांस से दूर रह सकते हैं



मनुष्य लंबे समय से जानवरों को मारने और खाने के बारे में अपनी अंतरात्मा से जूझता रहा है। 'मांस विरोधाभास' ने 37,000 साल पहले संभवतः गुफा चित्रों को प्रेरित किया होगा। तब से, कई प्रमुख विचारकों ने मांस का त्याग कर दिया है, जिनमें पाइथागोरस, लियोनार्दो दा विंची, मैरी शेली और महात्मा गांधी शामिल हैं। आज, अमेरिका के आधे वयस्क और ब्रिटेन के तीन-चौथाई वयस्क 'फैक्टरी फार्मिंग' का विरोध करते हैं, जहां लगभग सारा मांस उत्पादित होता है। इसके बावजूद केवल दस में से एक व्यक्ति ही मांस रहित आहार ग्रहण करता है। कई देशों में पादक आधारित आहार बहुत ही स्वादिष्ट और सस्ते होते हैं। इन्हें अपनाने से हर साल 80 अरब से ज्यादा जानवरों की जान बच जाएगी और मांसाहारी आहार की तुलना में पर्यावरण को 75 प्रतिशत कम नुकसान होगा। स्वास्थ्य और दीर्घायु होने के लिए पादप आधारित आहार अपनाने के लाभ तेजी से स्थापित हो रहे हैं और इसी के चलते एक प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ ने टिप्पणी की है, 'हृदय रोग विशेषज्ञ दो प्रकार के होते हैं: शाकाहारी और वे जिन्होंने आंकड़ों का अवलोकन नहीं किया है।' शाकाहारी भोजन के इन सिद्ध लाभों के बावजूद, अधिकांश लोग मांस खाना जारी रखते हैं।

## ऑफ बीट

# जर्मनी की बैठक में यूक्रेन हवाई सुरक्षा बढ़ाने कहेगा



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, 'जिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।' यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा, 'हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है।' अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जेलेंस्की यह मांग ऐसे समय करेंगे जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे और लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का संकल्प लेंगे।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### भाजपा के 15 जिलाध्यक्षों...

भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। इस समय सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों का चुनाव किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी रविवार और सोमवार को दो दिनों में चुनाव होना है। पहले दिन रविवार को 15 जिलाध्यक्षों का चुनाव हुआ। जिलों के चुनाव अधिकारियों को दिल्ली से आया बंद लिफाफा सौंपा गया। सभी चुनाव अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में जाकर शाम तक चुनाव कराया। लिफाफों में जिनका नाम निकला, उनसे नामांकन भरवाने के बाद उनके नामों का ऐलान किया गया।

### डीजल टैंकर में...

जबरदस्त थी कि डीजल टैंकर में भीषण आग लग गई। आग से उसमें सवार ड्राइवर छेदीलाल पटेल (58) भरदेई पामगढ़, हेल्पर कान्हा वैष्णव (22) उमरेली कोरबा तथा बलराम कश्यप जांजगीर चांपा वाहन में ही फंसे रह गए और जिंदा जल गए। तीसरा व्यक्ति बलराम ड्रायवर का परिचित था, जो लिफ्ट लेकर अपने घर जांजगीर जा रहा था।

### अब अविवाहित जोड़े...

होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। ओयो ने मेरठ में अपने भागीदार होटलों को तत्काल प्रभाव से ऐसा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीति में हुए बदलाव से परिचित लोगों ने कहा कि जमीनी प्रतिक्रिया के आधार पर, कंपनी इसे और शहरों में विस्तारित कर सकती है। उन्होंने कहा, ओयो को पहले भी विशेष रूप से मेरठ में सामाजिक समूहों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिक्रिया मिली थी। इसके अलावा, कुछ दूसरे शहरों के निवासियों ने भी अविवाहित जोड़ों को ओयो होटलों में चेक-इन करने की अनुमति न देने की मांग की है। ओयो उत्तर भारत के क्षेत्र प्रमुख पावस शर्मा ने बताया, ओयो सुरक्षित और जिम्मेदार आतिथ्य प्रथाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन साथ ही हम इन बाजारों में कानून प्रवर्तन और नागरिक समाज समूहों की बात सुनने और उनके साथ काम करने की अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी समय-समय पर इस नीति और इसके प्रभाव की समीक्षा करती रहेगी।

### घर में घुसकर...

संचालन करते हैं। रविवार की रात लगभग 9:30 से 10 बजे के बीच दो सशस्त्र नकाबपोश गोपाल राय सोनी के ब्लू डायमंड होटल के सामने स्थित घर पर पहुंचे। नकाबपोशों ने गोपाल राय सोनी पर फरसा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान घर पर गोपाल राय सोनी और उनकी पत्नी ही थी। हमलावर युवक गोपाल राय सोनी पर हमला करने के बाद उनकी कार क्रमांक जेएच 1 सीसी 4455 को लेकर फरार हो गए हैं। गोपाल राय सोनी के परिजन को जब इस घटना की सूचना मिली तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में गोपाल राय को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत गोपाल राय सोनी को मृत घोषित कर दिया। देर रात इस वारदात की सूचना मिलने पर रात लगभग 11:15 बजे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का सहित पुलिस के आल्हा अधिकारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

## पेज एक के शेष

### मोदी ने दिल्ली में फूंका ...

आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज़ गूंज रही है- 'आप-दा' नहीं सहेंगे... बदल के रहेंगे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे भाजपा को अवसर दें क्योंकि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी (भाजपा) ही राष्ट्रीय राजधानी का विकास कर सकती है। पूर्वोत्तर के राज्यों, ओडिशा, महाराष्ट्र सहित कई प्रदेशों में भाजपा की चुनावी जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने विश्वास जताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी। **केंद्र सरकार की बताई उपलब्धि :** प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र दिल्ली में राजमार्गों का विकास कर रहा है, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। 'नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' शुरू कर रहा है और बड़े अस्पताल संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा, हालांकि जैसे ही आप मेट्रो स्टेशन से बाहर कदम रखते हैं। आपको गड्ढों वाली सड़कें, ओवरफ्लो सीवर और गंदगी दिखने लगती है। कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां ऑटो और कैब चालक भी लंबे ट्रैफिक जाम के कारण इन मार्गों पर जाने से मना कर देते हैं।

### जीपी सिंह की पत्नी पर...

पत्नी मनप्रीत कौर के खिलाफ कांग्रेस सरकार में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने ऐसे ही अधिक संपत्ति मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 12 और आपराधिक षड्यंत्र की धारा 120 बी दर्ज की थी। मनप्रीत कौर की तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता हिमांशु पांडे ने कोर्ट में कहा कि याचिकाकर्ता विभिन्न प्राइवेट कॉलेजों में बतौर गेस्ट लेक्चरर कार्य करती थीं। उनकी क्वालिफिकेशन एमएससी लाइफ साइंस है इसके अलावा लाइफ साइंस में पीएचडी भी हैं। उनकी पीसी कल्चर में स्पेशलाइजेशन है। इसके अलावा उन्होंने मास्टर आफ इंग्लिश ऑनर्स भी किया था। शादी से पहले उन्होंने ट्यूशन और नौकरी के माध्यम से कमाए गए पैसों से सेविंग की थी। शादी के बाद उन्होंने एजुकेशनल कंसलटेंट और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की क्लासेस शुरू की थी।

### न समन जारी किया...

एंटी करप्शन ब्यूरो ने उन्हें इस संबंध में कोई समन भेजा और न उनका पक्ष सुना। बिना समन और बिना पक्ष जाने उन्हें आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के लिए अपने पति आईपीएस जीपी सिंह को उकसाने के लिए आरोपी बना दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसीबी द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

### सिलाई-बुनाई कर बच्चों...

ने न केवल अपने परिवार का पालन-पोषण किया, बल्कि आसपास के गांवों में महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत भी बनी। पति की मौत के बाद उनके दो बच्चों के साथ ही अपने सास-ससुर का जिम्मा भी दिव्या ही उठा रही है। उनके लगातार किए गए बेहतर काम का ही असर है कि देश में पहली बार दिए जा रहे लखपति दीदी सम्मान में उनके नाम का भी चयन किया गया है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- लापरवाह संतान को संपत्ति पर काबिज रहने का हक नहीं

# संपत्ति पाकर माता-पिता की सेवा न करने वाले बच्चों से वापस ली जा सकती है संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



माता-पिता से उनकी संपत्ति उपहार में पाने के बाद उनकी देखभाल नहीं करने वाले बच्चों से संपत्ति वापस ली जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों के हितों के संरक्षण के लिए 2007 में बने कानून की व्याख्या करते हुए यह फैसला दिया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर के इस मामले में कोर्ट ने मां की तरफ से बेटे को की गई गिफ्ट डीड को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने बेटे को आदेश दिया है कि वह 28 फरवरी तक मां को संपत्ति पर कब्जा दे दे।

**'कानून बुजुर्गों की सहायता के लिए है :** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की बेंच ने कहा है कि यह कानून बुजुर्गों की सहायता के लिए बनाया गया है। अगर गिफ्ट डीड में यह न भी लिखा हो कि संतान भविष्य में माता-पिता का ख्याल रखेगी, तब भी इसे आधार बना कर लापरवाह संतान को संपत्ति पर काबिज नहीं रहने दिया जा सकता।

**कानून क्या कहता है ? :** वर्ष 2007 में बने कानून की धारा 23 कहती है कि इस कानून के लागू होने के बाद उपहार (गिफ्ट) या किसी और तरीके से अगर कोई वरिष्ठ नागरिक इस शर्त पर अपनी संपत्ति किसी को देता है कि संपत्ति पाने वाला उस वरिष्ठ नागरिक की देखभाल करेगा, तो ऐसा न होने की सूरत में यह माना जाएगा कि संपत्ति का ट्रांसफर धोखाधड़ी या धमकी से हुआ है।

### 'बेटे ने देखभाल का दिया था वचन'

छतरपुर की रहने वाली उर्मिला दीक्षित ने 1968 में एक संपत्ति खरीदी थी। इसे उन्होंने 7 सितंबर 2019 को एक गिफ्ट डीड के जरिए अपने बेटे सुनील शरण दीक्षित को दे दिया। 4 दिसंबर 2020 को उन्होंने छतरपुर के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट को आवेदन देकर बताया कि उनके बेटे ने और अधिक संपत्ति पाने के लिए उन पर और उनके पति पर हमला किया। उर्मिला दीक्षित ने बताया कि बेटे ने संपत्ति ट्रांसफर करने से पहले वचन पत्र दिया था कि वह उनकी देखभाल करेगा। इस आवेदन के बाद एसडीएम ने गिफ्ट डीड निरस्त करने का आदेश दिया।

### 'हाईकोर्ट ने फैसला पलट कर सही नहीं किया'

अब सुप्रीम कोर्ट ने मां के पक्ष में फैसला देते हुए हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह कानून वरिष्ठ नागरिकों को उपेक्षा से बचाने और उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा में सक्षम बनाने के लिए लागू किया गया था। जब बुजुर्ग अपनी उचित देखभाल न होने की शिकायत दे तो ट्रिब्यूनल के पास यह अधिकार है कि वह मामले की जांच के बाद संपत्ति पाने वाले को उससे हटने का आदेश दे। इस मामले में भी एसडीएम ने सही आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने उसे पलट कर सही नहीं किया।

### 'मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का बेटे के पक्ष में फैसला'

*सुनील शरण दीक्षित ने एक के बाद कई फोरम में अपील की। उसने दावा किया कि उसकी मां की तरफ से पेश वचन पत्र फर्जी है। लेकिन हर फोरम पर एसडीएम का आदेश बरकरार रहा। आखिरकार 31 अक्टूबर 2022 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच से उसके पक्ष में फैसला आया। डिवीजन बेंच ने कहा कि अगर माता की सेवा गिफ्ट डीड की शर्त थी, तो यह उस डीड में लिखा होना चाहिए था। गिफ्ट डीड में इस शर्त का उल्लेख नहीं है, इसलिए संपत्ति बेटे के पास ही बनी रहेगी।*

# योग क्रांति के बाद अब पञ्च क्रांतियों का शंखनाद : स्वामी रामदेव

### 30 वर्ष पूर्ण होने पर पतंजलि का संकल्प



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में पतंजलि संस्थान का 30वाँ स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार स्थित योगभवन सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के पतंजलि योगपीठ संगठन के 6000 से अधिक प्रभारीगणों की उपस्थिति में स्वामी रामदेव जी महाराज ने पतंजलि योगपीठ की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, वैचारिक-सांस्कृतिक व रोगों-भोगों-ग्लानि-कुण्ठाओं से आजादी का बड़ा कार्य पतंजलि से प्रारंभ करना है। कार्यक्रम को आचार्य बालकृष्ण ने भी संबोधित किया।

**पहली क्रांति**

शिक्षा की आजादी- रामदेव महाराज ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम आगामी पाँच वर्षों में 5 लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ेगें। ये शिक्षा की अभिनव क्रांति होगी। पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विवि और भारतीय शिक्षा बोर्ड अब नये प्रतिमान गढ़ेंगे।

**दूसरी क्रांति**

चिकित्सा की आजादी- उन्होंने कहा रोग हमारा स्वभाव नहीं, योग ही हमारा स्वभाव है। हमारा संकल्प है कि हम लोगों को रोगी होने से बचायेंगे भी और रोग होने के बाद उन रोगों से योग-आयुर्वेद के माध्यम से लोगों को मुक्ति दिलाएँगे।

**तीसरी क्रांति**

आर्थिक आजादी- हमारा संकल्प है कि स्वदेशी का आंदोलन इतना बड़ा खड़ा हो कि आर्थिक लूट, गुलामी और दरिद्रता से भारत निकले। बीपी, शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस, स्ट्रैस, डिप्रेशन, नींद आदि बीमारियों की गोलियाँ छुड़वाकर हम देश के प्रतिवर्ष 100 से 200 लाख करोड़ रुपए बचाते हैं।

**चौथी क्रांति**

वैचारिक और सांस्कृतिक आजादी- जिस भारत ने पूरी दुनियां को सर्वप्रथम संस्कृत विश्वारा का संदेश दिया वो भारत यदि वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से गुजरे तो ठीक नहीं। दुनियां के 500 करोड़ से ज्यादा लोग योग धर्म, सनातन धर्म में श्रद्धा रखते हैं। हमें वैचारिक और सांस्कृतिक गुलामी से भारत को मुक्ति दिलानी है।

**पाँचवी क्रांति**

नशा, रोग-भोग वासनाओं से आजादी- दुनियां में चारों तरफ नशे का खतरनाक खेल चल रहा है। पतंजलि के 30 वर्ष पूर्ण होने पर यही है हमारा संकल्प है कि हम पूरे विश्व को योगमय बनायेंगे, चरित्र निर्माण करके आदर्श विश्व नागरिकों का निर्माण करेंगे।

### वायुसेना प्रमुख सिंह ने लक्षद्वीप का दौरा किया

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को संपन्न लक्षद्वीप की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रणनीतिक लिहाज से अहम इस द्वीप समूह के आसपास सशस्त्र बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। लक्षद्वीप दौरे के दौरान सिंह ने मिनिकॉय और कवरत्ती द्वीप पर वायु सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने द्वीप समूह पर स्थित विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा किया और भारतीय नौसेना एवं तटरक्षक बल के सैनिकों के साथ बातचीत भी की। वायुसेना प्रमुख ने अग्रिम पंक्ति में तैनात सैनिकों की तत्परता की तारीफ की और उनसे राष्ट्र के सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहने का आह्वान किया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, "बातचीत के दौरान वायुसेना प्रमुख ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तरह से रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उभरती चुनौतियों से निपटने में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

- बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों का जायजा लिया

---

दतिया, सतना एयरपोर्ट बनकर तैयार, बस उद्घाटन की प्रतीक्षा

# पीएम मोदी की 'उडान' योजना को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आजादी के सौ साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक देश में 350 एयरपोर्टस उपलब्ध रहें। इसकी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इसी साल जून जुलाई के महीने तक गोवा, पटना, प्रयागराज, जोधपुर, राजकोट के हीरासर, मप्र के दतिया और सतना सहित तमिलनाडु के थोथूकोडी के आधुनिक एयरपोर्ट की शुरूआत हो जाएगी। प्रयागराज, पटना और जोधपुर में मौजूदा एयरपोर्ट का विस्तार 30 जून तक हो जाएगी जब कि गोवा को दाबोलिम नया एयरपोर्ट नई बिल्डिंग के साथ मार्च महीने तक बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। दतिया, सतना और हीरासर एयरपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार कर दिया गया है। दतिया एयरपोर्ट की आधारशिला तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रखी थी। यूपी और मप्र की सीमा पर स्थित धार्मिक नगरी दतिया में एयरपोर्ट के निर्माण से झांसी सहित बुंदेलखंड और सीमावर्ती मप्र की अधिसंख्य आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**खास बातें**

- 19 सीटर विमान उड़ेंगे, छह महीने में 8 नए एयरपोर्ट विस्तार को मिलेगा अंतिम रूप
- 2047 तक देश में होंगे 350 एयरपोर्ट्स, 2030 तक 30 करोड हो जाएंगे हवाई यात्री

### 30 करोड़ के आसपास हवाई यात्री

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2030 तक एक आंतरिक सर्वे के मुताबिक देश में हवाई सेवा लेने वालों की संख्या 30 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के उडान योजना के तईं हवाई चप्पल वालों को भी हवाई यात्रा मुफीद लगे इसके लिए न केवल यात्रा किराये को तर्कसंगत किया जा रहा है, बल्कि एयरपोर्ट पर मिलने वाले नियंत्रित मूल्यों के खानपान के स्टॉल्स की स्थापना का आदेश भी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दिया गया है।

## दतिया में भाजपा पदाधिकारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया शहर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के एक पदाधिकारी ने कथित तौर पर लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि जितेंद्र मेवाफरोश भाजपा की जिला इकाई के महासचिव थे। कोतवाली थाना प्रभारी धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मेवाफरोश मंदिर से लौटे और सुबह करीब 10 बजे अपनी लाइसेंसी बंदूक से कथित तौर पर अपने सिर में गोली मार ली। उन्होंने कहा कि परिवार के एक सदस्य ने दावा किया है कि मेवाफरोश पर पैसों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों का दबाव था और वह उस पर अपना घर बेचने का भी दबाव बना रहे थे। अधिकारी ने बताया कि इस कदम के पीछे के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

---

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## ई-बाइक में आग लगने से नाबालिग लड़की की मौत

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम में एक घर के बाहर चार्ज की जा रही इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल में रविवार को आग लगने से 11 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने के प्रभारी वीडी जोशी ने बताया कि भागवत मौर्य नामक व्यक्ति के घर के बाहर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को चार्ज किया जा रहा था तभी उसमें आग लग गई और इसने दूसरे वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जब धुएं का गुबार घर में घुसा तो परिवार के लोग किसी तरह घर से बाहर निकले, लेकिन मौर्य की पोती अंतरा चौधरी वहीं रह गई और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में भगवती मौर्य और लावण्या (12) घायल हो गईं। अधिकारी ने बताया कि अंतरा अपनी मां के साथ अपने दादा के घर रहने आई थी। रविवार सुबह उसे वडोदरा (गुजरात) स्थित अपने घर लौटना था।

# लड़की का एक बार पीछा करना 'स्टॉकिंग' नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के मामले की सुनवाई करते हुए बड़ी टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने कहा कि किसी लड़की का केवल एक बार पीछा करना आईपीसी की धारा 354 (डी) के तहत स्टॉकिंग की श्रेणी में नहीं आता है। अगर कोई शख्स कई बार पीछा करता है या फिर डिजिटल माध्यम से बार-बार परेशान करता है तो इसे स्टॉकिंग कहा जा सकता है। जस्टिस जीए सनाप 14 साल की नाबालिग के यौन उत्पीड़न मामले में सुनवाई कर रहे थे। हाई कोर्ट ने आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे स्टॉकिंग के आरोप से मुक्त कर दिया। वहीं साथी आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

हाईकोर्ट ने कहा कि इस बात के सबूत होने चाहिए कि आरोपी ने बार-बार लड़की का पीछा किया है। आरोप था कि जनवरी 2020 में आरोपी ने लड़की का पीछा किया था और उसने शादी करने की इच्छा जताई थी। इसके बाद लड़की ने साफ तौर पर इनकार कर दिया। लड़की की मां ने आरोपी के परिवार से भी बात की। इसके बावजूद वह लड़की को परेशान करता रहा।

### क्या कहा जस्टिस ने आदेश में

जस्टिस सनाप ने कहा, केवल एक बार किसी का पीछा करना आईपीसी के तहत स्टॉकिंग नहीं कहा जा सकता। हालांकि जज ने स्पष्ट किया कि आरोपी को सभी आरोपों से बरी नहीं किया जा रहा है। जज ने अन्य अपराधों की सजा बरकरार रखी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को तीन से सात साल तक कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### यौन उत्पीड़न व पॉक्सो एक्ट की सजा बरकरार

हाई कोर्ट ने आईपीसी की धारा 354 ए के तहत यौन उत्पीड़न, पॉक्सो ऐक्ट की धारा 8 के तहत मुख्य आरोपी की सजा बरकरार रखी है। हालांकि हाई कोर्ट ने सजा में संशोधन कर दिया। जज ने कहा कि आरोपी की उम्र और हिरासत में बिताए गए ढाई सालों को ध्यान में रखते हुए सजा में संशोधन किया जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला**

आरोप है कि 26 अगस्त 2020 को आरोपी लड़की के घर में घुस गया और लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगा। वहीं एक अन्य आरोपी घर के बाहर पहरा देता रहा। ट्रायल कोर्ट ने दोनों ही आरोपियों पर कई आरोप तय किए थे। इसमें पॉक्सो ऐक्ट, यौन उत्पीड़न, घर में जबरन घुसकर उपद्रव करना और आपराधिक गतिविधियों की धाराएं शामिल थीं।

---

## शब्द पहेली - 5739



**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -5738 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5749

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5748 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |



# ड्रैगन' की शूटिंग 16 से शुरू करेंगे जूनियर एनटीआर...

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में 'देवरा' में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे और फिलहाल वह बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच जूनियर एनटीआर के पास प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक पैन इंडिया फिल्म भी है, जिस पर नया अपडेट सामने आया है। यह जूनियर एनटीआर की 31वीं फिल्म होगी। 'एनटीआर 31' का संभावित शीर्षक 'ड्रैगन' है। यह एक एक्शन फिल्म होगी। 'ड्रैगन' की शूटिंग 16 जनवरी से शुरू होने की उम्मीद है और यह शेड्यूल मंगलुरु में होगा। निर्माताओं ने पहले ही पुष्टि कर दी है कि फिल्म 9 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## इस साल बदल जाएगी पूरी तस्वीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर संदीप कोचर ने हाल ही में भविष्यवाणी की है, ऐश्वर्या राय बच्चन की ग्रह दिशा नए साल में अपने नए करतब दिखाने जा रही है। एस्ट्रोलॉजर संदीप कोचर ने पहले भी कई अभिनेत्रियों को लेकर भविष्यवाणी की, जो सच साबित हुईं।

अभिषेक बच्चन और उनकी अर्धांगिनी ऐश्वर्या के कथित अलगाव की बातें चटखारे लेकर सुनाने वालों का शनिवार की सुबह मुंह काला हो गया। दोनों अपनी बिटिया संग एक साथ विदेश से लौटे तो बच्चन परिवार में दरारें तलाशने रहने वाले कुछ कह ही नहीं पाए। और, नए साल की पूर्व संध्या पर नए साल में सितारों की ग्रह चाल का सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर संदीप कोचर का कार्यक्रम देखने वाले उनकी भविष्यवाणी सच साबित होने पर उन्हें खूब बधाइयां दे रहे हैं। संदीप इसके पहले माधुरी दीक्षित और दीपिका पादुकोण के भविष्य को लेकर भी सटीक भविष्यवाणियां कर चुके हैं। महीनों से मुंबई में इस बात का हल्ला रहा है कि श्वेता नंदा को प्रतीक्षा नामक बंगला दे दिए जाने के बाद से अमिताभ बच्चन की बहू ऐश्वर्या उनसे नाराज है। ऐश्वर्या अपनी बिटिया आराध्या के साथ जलसा में नहीं रहती दिखीं तो लोगों ने और तड़का लगाया। मामला यहां तक पहुंचा दिया गया कि जैसे ऐश्वर्या ने बागी बहू बनकर बच्चन परिवार की खुशियां ही छीन ली हों। लेकिन, जैसा कि सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर संदीप कोचर ने हाल ही में भविष्यवाणी की है, ऐश्वर्या राय बच्चन की ग्रह दिशा नए साल में अपने नए करतब दिखाने जा रही है।



हॉलीवुड मसाला



# 'मुफासा द..' सातवें पायदान पर

**मुंबई।** मुफासा द लायन किंग दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में सफल रही है। हॉलीवुड फिल्म होने के बावजूद भारतीय दर्शकों को यह फिल्म छू गई है। फिल्म का भारत में अब तक शानदार कारोबार रहा है। 16वें दिन इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर चार करोड़ 50 लाख रुपए का कारोबार किया। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई अब 131.4 करोड़ रुपए हो गई है। भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्मों की लिस्ट में मुफासा अब सातवें पायदान पर पहुंच चुकी है।




# सितारों से सजी गोल्डन ग्लोब्स 2025 के डिनर गाला की शाम

**लॉस एंजिल्स।** गोल्डन ग्लोब्स ने गुरुवार, 3 जनवरी को अपना प्रेस प्रीव्यू आयोजित किया, जिसमें ग्लोब्स की होस्ट निक्की ग्लेसर द्वारा रेड कार्पेट की आधिकारिक शुरुआत के साथ ही पुरस्कार सत्र की पार्टियों और कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। मैरी स्टीनबर्गन, कैरोल बर्नेट, टेड डैनसन, वियोला डेविस, मेरिल स्ट्रीप द बेवर्ली हिल्टन में 'गोल्डन गाला: ए सेलिब्रेशन ऑफ एक्सीलेंस' में और पामेला एंडरसन, जिया कोपोला, बिली लौर्ड द हॉलीवुड रूजवेल्ट में यूटोपिया द्वारा प्रस्तुत 'द लास्ट शोगर्ल' गोल्डन ग्लोब्स सेलिब्रेशन में शामिल हुए। 'गोल्डन गाला: एन इवनिंग ऑफ एक्सीलेंस' में टेड डैनसन को पांचवां कैरोल बर्नेट पुरस्कार और वियोला डेविस को सेसिल बी. डेमिले पुरस्कार दिया गया। सम्मानित व्यक्तियों की घोषणा पहले ही कर दी गई थी।



# मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड ...

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हो चुकी हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफें बटोरने और अवॉर्ड जीतने के बाद यह फिल्म गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स पाने की दौड़ में शामिल है। हाल ही में पायल को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है। पायल को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है तो इसका मतलब है कि उनकी फिल्म को क्रिटिक्स द्वारा पसंद किया गया है। यह फिल्म शुरुआत से ही प्रशंसकों के साथ आलोचकों को भी पसंद आई है। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो इसमें मुंबई के बैकड्रॉप को लेकर आम महिलाओं के संघर्ष और जीवन को बहुत ही उम्दा तरीके से दिखाया गया है।



# असल जिंदगी में मैं जो हूं, वही रहता हूं

**मुंबई।** 51 साल के हो चुके अभिनेता सोनू सूद अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'फतेह' से निर्देशक भी बन गए हैं। साइबर क्राइम पर बनी ये फिल्म इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। मैं अभिनेता हूं। मेरा काम है कैमरे के आगे एक किरदार को जीने की पूरी कोशिश करना। असल जिंदगी में मै जो हूं, वही रहता हूं। मैं कुछ और दिखने की दूसरों की तरह कोशिश नहीं करता। और, ऐसा करने से आज तक किसी कलाकार का करियर नहीं बना, ये मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं। न मैं दारू पीता हूं। न सिगरेट पीता हूं। तो मैं इन पार्टियों में खुद को बहुत तन्हा महसूस करता हूं। मैं संपूर्ण शाकाहारी प्राणी हूं, अंडा छोड़कर। हां, ये सही है कि अगर आप पौष्टिक शाकाहारी भोजन करते हैं, वह कई बार बेस्वाद हो सकता है, लेकिन भोजन हम शरीर को हृष्ट-पुष्ट रखने के लिए खाते हैं, स्वाद लेने के लिए नहीं।

टीवी मसाला



# सलमान खान ने दिया ईशा को ऐसा टास्क, लेना पड़ा शालीन का नाम

**नई दिल्ली।** हाल ही में सलमान खान ने बिग बॉस 18 के प्रतियोगी को ऐसा टास्क दिया, जिसमें प्रतियोगियों के पसीने छूट गए। ईशा सिंह के लिए तो यह टास्क काफी मुश्किल रहा है, उनसे सलमान खान ने वो बात स्वीकार करवा ली, जो वह अब तक सबसे छिपा रही थीं। कलर्स टीवी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो अपलोड हुआ है, जिसमें सलमान 'बिग बॉस 18' के प्रतियोगियों को बुल राइड टास्क करने को कह रहे हैं। बुल जब तक रोका ना जाए या प्रतियोगी खुद उससे गिर ना जाए तब, तक उसे राइड करना है। साथ ही बीच-बीच में बुल राइड टास्क की स्पीड भी बढ़ा दी जाएगी। ईशा सिंह ने सबसे पहले यह टास्क किया। जब बुल राइड टास्क कर रही थीं तो सलमान ने सवाल किया कि क्या ईशा का स्वभाव शालीन है? तो ईशा ने मना कर दिया। फिर बुल राइड की स्पीड बढ़ा दी गई। ऐसे में ईशा ने स्वीकार कर लिया कि हां, उनका स्वभाव शालीन है। इस पर सभी प्रतियोगी हंसने लगे। शालीन या शालीन भनोट का नाम बिग बॉस 18 में लिए जाने की वजह ये हैं कि ईशा और उनके रिलेशनशिप में होने की खबरें आ रही हैं। इस बात को अब तक ईशा ने छिपाकर रखा था। ऐसे में सलमान ने कहीं ना कहीं टास्क के जरिए ईशा से यह बात स्वीकार करवा ली कि उनका कोई ना कोई कनेक्शन तो शालीन से है। एक तरफ तो ईशा और शालीन भनोट के रिलेशनशिप में होने की बात सामने आ रही है।

## टीआरपी लिस्ट में 'उड़ने की आशा' रहा टॉप पर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल्स के बीच टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बने रहने की होड़ लग रहती है। इसके लिए शो की कहानी में कई बदलाव किए जाते हैं, इसे खूब एंटरटेनिंग बनाया जाता है। हाल ही में इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी हुई है। इसमें सीरियल 'उड़ने की आशा' की ने अच्छा परफॉर्म किया है। पहले नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा'ने जगह हासिल की है। यह सीरियल साल 2024 की शुरुआत में शुरू हुआ था। इस सीरियल में लीड रोल में कंवर ढिल्लों और नेहा हरसोरा हैं। 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' तीसरे स्थान पर है। इसमें श्रीतमा मित्रा और अंकित रायजादा अहम रोल निभा रहे हैं। चौथे स्थान पर रूपाली गांगुली का टीवी सीरियल 'अनुपमा'है। यह शो पहले टॉप पर हुआ करता था, लेकिन कुछ समय से इसकी टीआरपी कम हो रही है। 'गुम हैं किसी के प्यार में' सीरियल पांचवे नंबर पर है। कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' लंबे समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल छठे स्थान पर रहा है। दर्शकों इस सीरियल के नए बदलाव पसंद आ रहे हैं।




# दमदार डायलॉग के साथ रिलीज हुआ 'स्काई फोर्स' का ट्रेलर

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया अभिनीत फिल्म स्काई फोर्स का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें दमदार डायलॉग के साथ लोगों के शानदार एक्शन भी देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म से वीर पहारिया का डेब्यू होने जा रहा है। फिल्म में वह स्क्वॉड्रन लीडर अजमादा बोप्पय्या देवय्या की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें युद्ध के मैदान में अपने बलिदान और अपनी टीम के साथियों की जान बचाने के लिए महा वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म में निम्रत कौर और सारा अली खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर ने किया है, और यह दिनेश विजान द्वारा निर्मित है। साल 2024 में कुछ फ्लॉप फिल्मों के बाद अक्षय कुमार नए साल की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म भारत द्वारा पाकिस्तान के सर्गोधा एयरबेस पर किए गए जवाबी हमले पर आधारित है। 1965 में भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेनाओं के बीच सीधी भिड़ंत हुई थी। 6 सितंबर को पाकिस्तान ने पठानकोट और हलवारा एयरबेस पर हमला किया था, जिसके बाद भारतीय वायु सेना ने सर्गोधा पर हमला किया।




# कोई हीरो नहीं, फिल्मों की संस्कारी मां हैं हिंदी सिनेमा की पहली सुपरमैन...

## न हो यकीन तो देख लीजिए 65 साल पुरानी फिल्म का नाम और पोस्टर

नई दिल्ली। सुपरमैन एक ऐसा कैरेक्टर है जो न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी लोगों का फेवरेट कैरेक्टर है। मजेदार बात ये है कि ये कैरेक्टर नई पीढ़ी को जितना पसंद है, उतना ही फेवरेट पुरानी जनरेशन्स का भी रहा है। बच्चों से लेकर ज्यादा उम्र के लोग तक इस कैरेक्टर को खूब लाइक करते हैं। सुपरमैन का मजबूत फीजिक और बॉडी देखकर यही लगता है कि ये रोल किसी हीरो पर ही सूट करेगा। लेकिन, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री इस मामले में कुछ निराली ही साबित हुई है। जहां पहली बार पर्दे पर जब सुपरमैन आया, तब वो रोल किसी हीरो को ऑफर नहीं हुआ। बल्कि, ये रोल सबसे पहले निभाया हिंदी



सिनेमा की सबसे संस्कारवान मां ने।

***मूवी का नाम ही है सुपरमैन :*** जो एक्ट्रेस सबसे पहले सुपर हीरो के गेटअप में दिखीं वो थीं निरूपा रॉय। उनकी फिल्म का ये पुराना पोस्टर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मजेदार बात ये है कि मूवी का नाम ही सुपरमैन है। जिस निरूपा रॉय को आपने स्क्रीन पर कई बार देवी का रोल करते हुए देखा। और, जिसके नाम से ही हिंदी सिनेमा में मां का किरदार हिट हो गया। वो निरूपा रॉय इस फिल्म में सुपरमैन के रोल में नजर आईं थीं। ये फिल्म रिलीज हुई थी साल 1960 में।

### इस तरह बनीं सुपरमैन

सुपरमैन बनने के लिए निरूपा रॉय के गेटअप को काफी बदला गया था। निरूपा राय के सिर पर एक कैप लगाई गई। इसके अलावा उनकी आंखों के आसपास काली चौड़ी लाइन देखी जा सकती है। सुपरमैन के आई मास्क का लुक देने के लिए इस तरह का चश्मा दिया गया था। फिल्म में वो ब्लू कलर का सूट पहनी है। जिसके पीछे रेड कलर का बड़ा सा चोंगा भी नजर आ रहा है। साथ ही सुपरमैन की तरह हाई बूट्स भी उन्होंने पहने थे। इस फिल्म में उनके अलावा जय राज भी थे। फिल्म को डायरेक्ट किया था अनंत ठाकुर ने।

*हेमा मालिनी ने 1980 से सुपरस्टार धर्मेंद्र से शादी की. यह धर्मेंद्र की दूसरी शादी थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के दो बच्चे ईशा देओल और अहाना देओल हैं। उनकी शादी को 40 साल से ज्यादा हो चुके हैं। हालांकि कम ही लोगों को पता होगा कि हेमा मालिनी की मां जया चक्रवर्ती नहीं चाहती थीं कि हेना मालिनी धर्मेंद्र से शादी करें। मां जया नहीं चाहती थीं कि उनकी बेटी हेमा चार बच्चों के पिता से शादी करे। जया चाहती थीं कि उनकी बेटी उनकी पसंद के अभिनेता से शादी करें। इसके लिए उन्होंने बेटी को हर तरह से मनाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद हेमा ने अपनी मां की पसंद को दरकिनार करते हुए धर्मेंद्र से शादी की।*

# मां ने बेटी को बनाया बॉलीवुड सुपरस्टार, बेटी ने मां का दिल तोड़ चार बच्चों के पिता से रचाया ब्याह

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र के साथ हेमा की पहली फिल्म 'तुम हसीं मैं जवां' (1970) में आई थी। इसके 10 साल बाद दोनों ने शादी कर ली। जब धर्मेंद्र ने हेमा मालिनी से शादी की थी, तब उनकी अपनी पहली पत्नी प्रकाश कौर से दो बेटे सनी देओल और बॉबी देओल और दो बेटियां थीं। धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से शादी के कारण, हेमा मालिनी के माता-पिता उनके विवाह के खिलाफ थे। हेमा और धर्मेंद्र की 80 के दशक में एक के बाद एक कई फिल्में हिट हुई और उनकी जोड़ी स्टार जोड़ी मानी जाती थी। हालांकि, हेमा की मां जया का मानना था कि जीतेंद्र और संजीव के साथ हेमा जोड़ी बेहतर है। हालांकि, इनमें से किसी को वह अपना दामाद नहीं बनाना चाहती थीं।



## निर्माता और कॉस्ट्यूम डिजाइनर थीं जया चक्रवर्ती

जया चक्रवर्ती एक निर्माता और कॉस्ट्यूम डिजाइनर थीं, उन्हें 'ड्रीम गर्ल' (1977), 'स्वामी' (1977) और 'दिल्लगी' (1978) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हेमा मालिनी की मां का सपना एक डांसर बनने का था, लेकिन जब यह अधूरा रह गया, तो उन्होंने अपनी बेटी को सुपरस्टार बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। हेमा मालिनी ने अपने फिल्मी करियर के दौरान 150 से अधिक फिल्मों में काम किया है। वहीं, हेमा मालिनी ने 1963 में तमिल फिल्म 'इधु साथियाम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'सपनों का सौदागर' (1968) से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की।

## गिरीश कर्नाड को बनाना चाहती थीं दामाद

*मायापुरी के 250वें अंक के अनुसार, हेमा मालिनी की मां भारतीय अभिनेता, फ़िल्म निर्देशक, कन्नड़ लेखक और नाटककार गिरीश कर्नाड को अपना दामाद बनाना चाहती थीं। उन्हें गिरीश कर्नाड का काम और उनकी एक्टिंग स्कील काफी पसंद थी. रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हेमा मालिनी की मां ने हेमा और गिरीश कर्नाड को करीब लाने के लिए उन्हें 1979 की फ़िल्म 'रत्नदीप' में साथ काम करने के लिए भी प्रेरित किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद, हेमा मालिनी और धर्मेंद्र का प्यार समय के साथ और भी गहरा होता गया।*

## खबर संक्षेप

### एनएचएआई ने 56,000 करोड़ का कर्ज समय से पहले चुकाया



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान 56,000 करोड़ रुपये के ऋण का समय से पहले भुगतान किया है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को लगभग 1,200 करोड़ रुपये की ब्याज लागत बचाने में मदद मिली है।

### बीते सप्ताह सभी तेल तिलहनों के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बीते सप्ताह सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन के साथ-साथ बिनौला तेल के दाम में गिरावट रही। पाम-पामोलीन के दाम ऊंचा रहने के बीच इन खाद्य तेलों की मांग पहले से प्रभावित है।

### देश के जाने माने विशेषज्ञों ने कहा महंगाई बढ़ेगी

# रुपए के मूल्य में गिरावट और महंगे आयातित कच्चे तेल से देश में बढ़ सकती है महंगाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये की विनिमय दर में आ रही गिरावट के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट से आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी और कुल मिलाकर देश में महंगाई बढ़ सकती है जिससे आम लोगों की जेब पर प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण, भारत की मुद्रास्फीति पर बहुत प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि बीते वर्ष रुपये में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट के बावजूद यह एशिया के अपने समकक्ष देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

#### विदेश यात्रा व पढ़ाई होगी महंगी

इस बारे में आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, 'रुपये की विनिमय दर में गिरावट का सबसे बड़ा असर महंगाई बढ़ने के रूप में होता है क्योंकि आयातित कच्चे माल और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को उठाना होता है। इससे विदेश यात्रा और दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करना महंगा हो जाता है।'



- कुछ का मानना नहीं पड़ेगा मुद्रास्फीति पर प्रभाव
- आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगा
- महंगाई बढ़ने से आम लोगों की जेब पर पड़ेगा असर

*विदेशी कर्ज लेने वालों की अधिक लागत चुकानी होगी : विदेशी मुद्रा में कर्ज लेने वाली कंपनियों को भुगतान की अधिक लागत चुकानी पड़ेगी। और आयातित कच्चे माल पर निर्भर इकाइयों को कम लाभ मार्जिन देखने को मिल सकता है। साथ ही, यह भारत में विदेशी निवेश प्रवाह को सीमित कर सकता है।*

#### सॉफ्टवेयर व विनिर्माण को मिल सकता है बढ़ावा

माथुर ने कहा, "दूसरी तरफ, निर्यात से जुड़ी कंपनियों को स्थानीय मुद्रा के मूल्य में गिरावट का लाभ मिल सकता है। इसके कारण वे चीन के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाती हैं। सॉफ्टवेयर और विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है क्योंकि वे चीन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे।

#### केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप की संभावना

अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, "यदि विनिमय दर पूरी तरह से बाजार की ताकतों के कारण बदल रही है, तो निर्यात और आयात में स्वतः समायोजन होगा। हालांकि, केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के बारे में चर्चाएं हैं और हाल ही में सोने की खरीद के कारण चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि हुई है।

#### कमजोर विनिमय दरों से महंगाई बढ़ती है

कमजोर विनिमय दरों से आयात महंगा होता है, इससे देश में महंगाई बढ़ सकती है। इसका विभिन्न क्षेत्रों पर नकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा, हालांकि, इस बार दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण भारत की मुद्रास्फीति पर बहुत प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

#### आयात में वृद्धि निर्यात से ज्यादा

डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट के कारण के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, "इसके दो मुख्य कारण हैं। एक तो तीसरी तिमाही में व्यापार घाटा बढ़ा, आयात में वृद्धि निर्यात में बढ़ोतरी से कहीं ज्यादा रही। साथ ही हाल ही में अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद भारतीय बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी है।

#### कमजोर रुपया ईंधन व इलेक्ट्रानिक के दाम बढ़ाता है

उल्लेखनीय है कि वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा शुक्रवार को 0.43 प्रतिशत गिरकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर था। इस बारे में माथुर ने कहा, कमजोर रुपया ईंधन और इलेक्ट्रॉनिक जैसे आयातित सामानों की लागत में वृद्धि का कारण बनता है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और क्रय शक्ति कम हो सकती है।

# भारत में तेजी से बढ़ रहा एफडीआईः गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पश्चिम एशिया, जापान, यूरोप व अमेरिका दे रहे शीर्ष मान्यता
- तेज आर्थिक वृद्धि हो रही और नए रोजगार पैदा हो रहे

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक भारत को शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, जिससे तेज आर्थिक वृद्धि हो रही है और लाखों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।गोयल ने कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, क्योंकि यहां मजबूत घरेलू बाजार, कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और कानून का शासन जैसे कई फायदे हैं। गोयल ने कहा, मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि भारत में एफडीआई एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है और इससे लाखों रोजगार पैदा हो रहे हैं। पश्चिम एशिया के देश, ईएफटीए क्षेत्र, जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के निवेशक सभी महसूस कर रहे हैं कि भारत एफडीआई के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत का स्थिर और पूर्वानुमानित विनियामक ढांचा, अनुकूल कारोबारी माहौल और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने वाली प्रगतिशील नीतियां दुनिया भर से निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''पिछले महीने मैं अमेरिका के सबसे बड़े फंडों में से एक के सीईओ से मिला, जो भारत में सबसे बड़ा निवेशक भी है।

**फ्लैट बेचना है किराये से देना है**

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867


# महंगाई से एफएमसीजी कंपनियों के लाभ पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऊंची मुद्रास्फीति, उच्च उत्पादन लागत और मूल्य निर्धारण संबंधी उपायों से प्रभावित रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के सकल मार्जिन में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान गिरावट आने की आशंका है। इसके अलावा इन कंपनियों का परिचालन लाभ भी काफी कम या स्थिर रह सकता है। कई एफएमसीजी कंपनियों के राजस्व में निचले स्तर पर एकल अंक की वृद्धि की उम्मीद है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि कई कंपनियों ने दिसंबर तिमाही में कोपरा, वनस्पति तेल और पाम ऑयल जैसे उत्पादों की बढ़ती लागत के कारण कीमतों में बढ़ोतरी का विकल्प चुना है।

#### कंपनी का मुनाफा स्थिर रह सकता है

विश्लेषकों ने इन कंपनियों की मात्रा में वृद्धि निचले स्तर पर एकल अंक में या स्थिर रहने की उम्मीद जताई है। घरेलू फार्मा डाबर को दिसंबर तिमाही में निचले एकल अंक की वृद्धि की उम्मीद है। इस दौरान कंपनी का परिचालन मुनाफा स्थिर रह सकता है।



#### ग्रामीण खपत में हुआ सुधार

वहीं सामान्य व्यापार, जिसमें मुख्य रूप से गली-मोहल्ले की किराना दुकानें शामिल हैं, को तिमाही के दौरान दबाव झेलना पड़ा। मैरिको ने भी कुछ इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि तिमाही के दौरान क्षेत्र ने सतत मांग वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान ग्रामीण खपत में सुधार हुआ है।

#### डाबर के पास कई ब्रांड

कंपनी के पास डाबर च्यवनप्राश, डाबर हनी, डाबर पुदीनहरा, डाबर लाल तेल, डाबर आंवला, डाबर रेड पेस्ट, रियल और वाटिका जैसे ब्रांड हैं। कंपनी ने कहा कि वैकल्पिक माध्यम मसलन आधुनिक व्यापार, ई-कॉमर्स और त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) ने मजबूत वृद्धि जारी रखी।

# इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना का आज से अगला दौर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार सोमवार को इस्पात क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का एक और दौर शुरू करेगी। 'पीएलआई योजना 1.1' का शुभारंभ इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी करेंगे। इस्पात मंत्रालय ने बयान में कहा, "केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री... इस्पात उद्योग के लिए 'पीएलआई योजना 1.1' का शुभारंभ करेंगे और छह जनवरी को आवेदन आमंत्रित करेंगे। पूंजी निवेश को आकर्षित करके आयात को कम करने के लिए सरकार ने पहले विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना शुरू की थी। इस योजना ने 27,106 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 79 लाख टन विशेष इस्पात उत्पादन के साथ 14,760 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की परिकल्पना की गई है। पिछले साल नवंबर तक कंपनियों ने 18,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है और 8,660 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं।



# भारतीय मूल की कंपनियों ने करीब 20% एच1बी वीजा किए हासिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वीजा हासिल करने में इंफोसिस व टीसीएस सबसे आगे रही

अमेरिका द्वारा जारी किए गए एच1बी वीजा का करीब एक-पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी कंपनियों ने हासिल किया है। एच1बी वीजा हासिल करने में इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे आगे रही हैं।

अमेरिकी आव्रजन विभाग के आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला गया है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2024 की अवधि में विभिन्न नियोक्ताओं को जारी किए गए कुल 1.3 लाख एच1बी वीजा में से लगभग 24,766 वीजा भारतीय मूल की कंपनियों को जारी किए गए।

#### ट्रंप ने भी किया मस्क का समर्थन

मस्क ने 28 दिसंबर को 'एक्स' पर पोस्ट में ऐसे सभी पृष्ठभूमि के लोगों का स्वागत करने की जरूरत बताई थी, जो अपनी मेहनत से अमेरिका में योगदान दे सकते हैं। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी मस्क का समर्थन किया है। हालांकि, अपने पिछले कार्यकाल में 2020 में ट्रंप ने इस कार्यक्रम पर कुछ अंकुश लगाए थे।




#### टीसीएस दूसरे स्थान पर रही

इन्फोसिस ने 8,140 लाभार्थियों के साथ अग्रणी स्थान हासिल किया। टीसीएस (5,274) और एचसीएल अमेरिका (2,953) का स्थान रहा। अमेजन कॉम सर्विसेज एलएलसी के बाद इन्फोसिस यह वीजा हासिल करने में दूसरे स्थान पर रही।

*कॉग्निजेंट सूची में तीसरे स्थान परः कॉग्निजेंट इस सूची में 6,321 वीजा के साथ तीसरे स्थान पर रही। कॉग्निजेंट की स्थापना चेन्नई में हुई थी, अब इसका मुख्यालय न्यू जर्सी में है। विशेषज्ञता वाले पदों पर अस्थायी रूप से विदेशी पेशेवरों की नियुक्ति की अनुमति देता है।*

#### टेस्ला वीजा कार्यक्रम की लाभार्थी रही

एच1बी वीजा का भविष्य अमेरिकी कंपनियों की कुशल श्रम की जरूरत के साथ व्यापक आव्रजन नीति सुधारों पर निर्भर करेगा। उद्योगपति एलन मस्क की टेस्ला एच1बी वीजा कार्यक्रम की लाभार्थी रही है। मस्क सार्वजनिक रूप से प्रौद्योगिकी उद्योग की विदेशी पेशेवरों पर निर्भरता का समर्थन कर चुके हैं।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां करेगी प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह बृहस्पतिवार से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ तिमाही नतीजों का सीजन शुरू होने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि वृहद आर्थिक आंकड़े और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजों की शुरुआत इसी सप्ताह होने जा रही है।

epaper : www.haribhoomi.com

## हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment
### आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000. (RO-3208)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें 9343467254, 7470490884. (RO-2474)

आवश्यकता है- देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 25 वर्ष के अविवाहित युवक की, 10वीं पास / फेल, सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें:- 918448107841, 9302708426. (RO-3197)

#### चौकीदार

आवश्यकता है- रात के लिए चौकीदार की आवश्यकता है। संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं.-64 बी इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार के सामने दुर्ग (आरो-7154)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्रायवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्सगर्ल, डिलेवरी बॉय, हेल्पर, गार्ड अनुभवी लोगों को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार, पण्डरी, रायपुर, मो. 9826183500, 7489770673. (RO-2483)

आवश्यकता है- टाटा ऐस, महेन्द्रा डीआई चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवर लाइसेंस सहित मिलें. कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2,भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, रायपुर, मोबाइल 7828656506.(RO-118)

1

आवश्यकता है- प्रिंटिंग प्रेस मशीन हेतु मेहनती हेल्पर एवं चार पहिया वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्कः - अंकित प्रकाशन, भाटागांव, रायपुर, 9827116662, 9753672550, 7509081111 (RO-342)

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिनको संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैद्य लाइसेंस के साथ संपर्क करें, वेतन 15000/- तक, रहने की सुविधा उपलब्ध- देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग, रायपुर मों.- 9752008009, 8959910211.(आरो - 1626)

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-1024)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरूष, महिला एवं टेली एकाउन्टेंट (फीमेल) संपर्क करें- राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर-1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9826908201.(RO-7429)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं, आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर ।(RO-422)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु आवश्यकता है महिला पुरुष या दिव्यांग भी संपर्क कर सकते है पोल्ट्री व्यवसाय केंद्र मेन रोड़ तेलीबांधा ओवर ब्रिज के पास मो 9826415569. (RO-2475)

आवश्यकता है- ऑटो पाट्र्स की शॉप हेतु युवको / युवतियों की आवश्यकता है संपर्क करें:- किशोर ऑटो पाट्र्स, जय शंकर प्लाजा डगनिया मोबाइल- 9425203217. (RO-3196)

#### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- कैलाश कान्ता हॉस्पिटल- एक्स-रे/OT टेक्नीशियन नर्स, PRO, मार्केटिंग, आवास सुविधा- ओवर ब्रिज के नीचे जोरा चौक रायपुर 9300734153, 0771-2994153.(आरो -7430)

#### वेल्डर/हेल्पर

आवश्यकता है- वैल्डर वा हेल्पर की परमानेंट नौकरी और काम सीखने के लिए सम्पर्क करे गौरव इंजीनियरिंग वर्कस,धमधा रोड दुर्ग बायपास के नजदीक phone no. 9179956608, 7587140331(आरो न.-1869)

हरिभूमि

आवश्यकता है- साइट में कार्य करने हेतु वेल्डर, फिटर, हेल्पर, एवं मार्केटिंग (सेल्स, स्वयं का वाहन + कमीशन) की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्कः- 14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाउस भिलाई मो- 9329011025.(आरो -655)

आवश्यकता है- लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 12000 हजार रूपये (शिक्षित, साक्षर एवं अशिक्षित) संपर्क 7024797456 मिलने का समय सुबह 11:00 से 1:00 बजे तक (RO-3804)

#### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9826129026, 9300129026 (RO-120)

#### घरेलु कार्य/ ड्रायवर

आवश्यकता है- घर के कार्य करने हेतु एक महिला की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध एक ड्राइवर चाहिए जो ऑटोमेटिक कर चला सके संपर्क टाटीबंध रायपुर 9329109448. (आरो -3805)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000/- से 25,000/- संपर्क- 8815522974, 8357893800.(RO-3204)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

#### टेंट कार्य

आवश्यकता है- शर्मा लाइट दुर्ग में , टावर AC फिटिंग / लाइट डेकोरेशन / टेंट का कार्य करने के लिये लड़को की आवश्यकता है संपर्क :- 9303402777, 9827179204(आरो न.-653)

#### अन्य

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु नौकरी सीधी भर्ती जिला अनुसार लड़के- लड़कियां 8वी से ग्रेजुएट (30500/- से 70500/-) फीस- 600/- (रहना+ खाना+ मेडिकल फ्री) आवेदन करें:- 9457250244, 7251835136. (RO-3200)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425.(RO-621)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128. (RO-817)

### Finance
### फायनेंस

फाइनेंस- समस्त छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश मे जनधन लोन. 1,00000/- से 5,00000/- तक समस्त लोन घर बैठे पाये (पर्सनल बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रमकार्ड, मार्कशीट, होमलोन कृषि पर) 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्कः- 8527685698.(RO-3207)

### Property
### प्रापर्टी

#### बेंचना/ किराया

**बेचना है**
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

**किराये से देना है**
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।

VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता

संपर्क करें- 8120008290
Dev Ad.

हरिभूमि क्लासीफाईड

#### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### Healthcare

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर में तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर में रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने में काट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेनेटिलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों में दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, यौनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रॉपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच कराये, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा में इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षो के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर है। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

## खबर संक्षेप



### विराट नाटकीयता मजेदार यह अंतिम मैच तो दुखद

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। कमिंस ने कहा, 'यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का मजा आया। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर यह उसकी आखिरी श्रृंखला है तो यह दुखद है।'

### मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने करें काम

**गुवाहाटी।** मुक्केबाजी का जब ओलंपिक खेल के रूप में भविष्य अधर में लटका हुआ है तब भारत



की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रविवार को इस खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपील की। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई और इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास जारी हैं। लवलीना अब विश्व मुक्केबाजी की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग का हिस्सा हैं।

### एससीजी पर लाइव क्रिकेट देखना शानदार अनुभव

**सिडनी।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जिम कूरियर आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जब भी यहां आते तो टीवी पर क्रिकेट जरूर देखते हैं। कूरियर आस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग



कारपोरेशन के कमेंटेटर हैं। वह एबीसी के रेडियो शो 'ग्रैंड स्टैंड' पर भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के साथ अतिथि कमेंटेटर के रूप में थोड़े समय के लिए आए थे। उन्होंने कहा, 'मैं पहली बार लाइव क्रिकेट देख रहा हूं। मैने टीवी पर कई बार देखा है लेकिन मैदान पर पहली बार आया हूं। यहां की ऊर्जा देखने लायक है और आप उसे महसूस कर सकते हैं। बहुत अच्छा लग रहा है।'

### 17 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा


**नई दिल्ली।** विक्रांत रविंद्र केनी को 12 जनवरी से श्रीलंका में शुरू



होने वाली दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को 17 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट 2019 के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है और भारत अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा।

### अर्जुन पुरस्कार सोने पर सुहागा : नितेश

**नई दिल्ली।** वार्षिक राष्ट्रीय सम्मान में कथित अनदेखी के कारण कुछ पैरालंपिक पदक विजेताओं के बीच असंतोष फैल गया है। हरियाणा के



30 वर्षीय नितेश खिलाड़ी ने पिछले साल सितंबर में पेरिस में अपना पहला पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीता जहां उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में हराया। नितेश ने कहा, 'यह एक बड़ी उपलब्धि है, यह भारत में दूसरा सबसे बड़ा खेल पुरस्कार है। और यह एक खिलाड़ियों की उपलब्धियों के लिए एक बहुत अच्छी मान्यता है।'

# भारत ने 10 साल बाद गंवाई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

- भारतीय टीम डब्लूटीसी फाइनल से बाहर
- ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती बीजीटी सीरीज
- द.अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया खेलेंगे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

एजेंसी ▸▸| सिडनी


शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से बाहर हो गई।ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्लूटीसी फाइनल में जगह बनाई। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्लूटीसी फाइनल खेलेगा।

रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 162 रन का टारगेट दिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 27 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड 34 और ब्यू वेबस्टर 39 रन पर नाबाद रहे। उस्मान ख्वाजा ने 41 और सैम कोंस्टास ने 22 रन बनाए। भारत से प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट झटके। दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। इस तरह भारत को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी।



#### बुमराह सीरीज के हीरो

कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी।



#### 27 ओवर में जीता ऑस्ट्रेलिया

कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की।

#### बोलैंड का सिक्सर

*स्कॉट बोलैंड (छह विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (तीन विकेट) ने दूसरी पारी में भारत को 39.5 ओवर में सिर्फ 157 रन पर ढेर कर दिया। अगर ऋषभ पंत के 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 22 रन को निकाल दिया जाए तो अन्य नौ खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से 74 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम ने सुबह के सत्र में सिर्फ 16 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चार विकेट भी गंवा दिए।*

#### गंभीर ने गंवाए 10 में से छह टेस्ट

*गंभीर के नेतृत्व में भारत ने इस सत्र में 10 में से छह टेस्ट गंवाए हैं। इसके अलावा टीम को श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। अगर कोहली और रोहित को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो गंभीर को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्य कोच का जिद्दी रवैया सभी को पता है और इससे ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी उनके साथ बहुत सहज नहीं हो पा रहे हैं।*

### रोहित-कोहली खुद तय करें अपना भविष्य सभी खिलाड़ी खेलें घरेलू क्रिकेट : गंभीर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है। उन्होंने इन दोनों समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिएअपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को इतनी तवज्जो मिलनी चाहिए। सिर्फ एक मैच नहीं, अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलनी चाहिए।' रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलबाजी का हिस्सा बनने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे दोनों ही तय



करेंगे कि भारतीय क्रिकेट के लिए क्या सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा, 'मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। यह उन्हें तय करना है लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख है, जुनून है। वे दृढ़ इंसान हैं और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाते रहेंगे। वे जो भी तय करेंगे, भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में तय करेंगे।'

### हम सैंडपेपर नहीं लगाते... कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई फैंस का मुंह बंद किया

ऑस्ट्रेलियाई दर्शक मैच के दौरान स्टेडियम में शोर मचाने लगे। इसे देख विराट कोहली को गुस्सा आ गया। स्लिप पर खड़े कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों का मुंह बंद करने की ठानी और अपनी जेबें निकाल कर दिखा दीं। साथ ही हाथ से भी इशारा किया कि उनके पास गेंद पर रगड़ने के लिए सैंडपेपर नहीं है। सैंडपेपर गेट वो विवाद है जिसने ऑस्ट्रेलिया को विश्व क्रिकेट की नजरों में गिरा दिया था। 2018 में साउथ अफ्रीका दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज कैमरन बैनक्रॉफ्ट गेंद पर सैंडपेपर लगाते हुए कैमरे पर कैद हुए थे। इसके बाद विवाद हो गया था। उस समय के ऑस्टेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ, उप-कप्तान डेविड वॉर्नर और बैनक्रॉफ्ट पर बैन लगा था। ये ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इतिहास के काले दिन थे जिसे कोहली ने इशारों से ही ताजा कर दिया और पुरानी करतूतों की याद दिला दी। साथ ही बताया कि भारत जीतने के लिए नीचे नहीं गरिता और हमेशा खेल की गरिमा बनाए रखता है।

## पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में चमके तोमर

**10 मीटर एयर पिस्टल के सीनियर और जूनियर वर्ग में जीता खिताब**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मौजूदा एशियाई चैंपियन वरुण तोमर ने रविवार को यहां 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

सेना के 21 वर्षीय निशानेबाज तोमर पिछले साल मामूली अंतर से पेरिस ओलंपिक खेलों में जगह बनाने से चूक गए थे। उन्होंने सीनियर वर्ग के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए सेना की अपनी टीम के साथी प्रद्युम्न सिंह को 0.8 अंक से पीछे छोड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता।



तोमर ने इसके बाद जूनियर फाइनल में भी धीमी शुरुआत की लेकिन वह जल्द ही बढ़त बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के निखिल सरोहा को हराकर दोहरा खिताब जीता। सीनियर वर्ग के फ़ाइनल में तोमर का स्कोर 238 था जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में उन्होंने इससे भी बेहतर प्रदर्शन करके 246.2 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। पिस्टल निशानेबाजी में हरियाणा 23 स्वर्ण पदक लेकर पहले, राजस्थान 22 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 13 स्वर्ण पदक लेकर तीसरे स्थान पर रहा।

## गंभीर ने की पिच की प्रशंसा गावस्कर बोले- 'आदर्श नहीं'

एजेंसी ▸▸| सिडनी

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के अनुसार सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच टेस्ट मैच के लिए 'आदर्श नहीं' थी लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विकेट की प्रशंसा करते हुए इसे 'गेंदबाजी की मददगार' और 'परिणाम देने वाली' बताया। मैच के शुरुआती दो दिन में 26 विकेट गिरे जबकि तीसरे दिन चार भारतीय और तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आउट किए। गंभीर ने कहा, 'यह कुछ बेहतरीन विकेट थे। यह टेस्ट क्रिकेट के लिए भी अच्छा है। गेंदबाजों के लिए पर्याप्त था और बल्लेबाजों के लिए भी पर्याप्त था। लेकिन यही वह चीज है जो टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखेगी। परिणाम देने वाला विकेट। मुझे पता है कि जब हम स्वदेश में खेलते हैं तो टर्निंग विकेट के बारे में बहुत बात होती है लेकिन यह शायद उतना ही मददगार था जितना कि हमें स्वदेश में मिलता है।' गावस्कर ने कहा, 'जब मैंने पिच देखी तो मैंने कहा कि गायें इस पर चर सकती थीं। यह आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं है क्योंकि आप चाहते हैं कि मैच चौथे या पांचवें दिन तक चले। जब तक बारिश नहीं हो, मुझे नहीं लगता कि हम चौथे दिन यहां होंगे।'



## नागल ऑकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे



**ऑकलैंड।** भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो पर सीधे सेट में जीत के साथ एटीपी 250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। दुनिया के 98वें नंबर के 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नागल को क्वालीफायर के अंतिम दौर में 7-6, 6-3 से जीत हासिल करने से पहले दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मनारिनो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

## हालैंड के दो गोल से सिटी ने वेस्ट हैम को दी शिकस्त



एजेंसी ▸▸| लंदन

एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां वेस्ट हैम को 4-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

टीम ने प्रीमियर लीग में अक्टूबर के बाद पहली बार लगातार दो मैच जीते हैं। गत चैंपियन टीम इस बीच छह हफ्तों में नौ मैच में सिर्फ एक ही जीत पाई थी। नॉर्वे के स्ट्राइकर हालैंड ने 42वें और 55वें मिनट में गोल दागे। वेस्ट हैम की ओर से एक आत्मघाती गोल हुआ जबकि सिटी की ओर से चौथा गोल फिल फोडेन ने किया। वेस्ट हैम की ओर से एकमात्र गोल निकलास फुलक्रुग ने दागा। इस जीत के बावजूद हालांकि सिटी की टीम छठे स्थान पर बरकरार है। अन्य मुकाबलों में ब्राइटन और आर्सेनल का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि चेल्सी ने भी क्रिस्टल पैलेसे से 1-1 से ड्रॉ खेला।

### नेपोली ने सिरी ए में बनाई तीन अंक की बढ़त

**फ्लोरेंस।** नेपोली ने फायोरेंटिना को शनिवार को यहां एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन अंक की बढ़त बना ली। नेपोली की ओर से डेविड नेरेस, रोमेलु लुकाकु और स्कॉट मैकटोमिने ने गोल दागे जिससे टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की। नेपोली के अब 19 मैच में 44 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद अटलांटा पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। अटलांटा ने हालांकि एक मैच कम खेला है। इंटर मिलान की टीम 40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है



लेकिन उसने 17 ही मैच खेले हैं। एक अन्य मुकाबले में एम्पोली और वेनेजिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला।

## द्रोणाचार्य पुरस्कार बहुत मायने रखता है : दीपाली

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कई वर्षों तक ओलंपिक, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशानेबाजों को ट्रेनिंग देने वाली दीपाली देशपांडे को इस साल के द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इससे अब टीवी चैनल उनका साक्षात्कार लेने के लिए उनके घर पर पहुंच रहे हैं जो इस पूर्व राइफल निशानेबाज के लिए नई चीज है। उन्होंने कहा, 'इस पुरस्कार की अहमियत यही है कि



आपकी कहानी अब बहुत से लोगों तक पहुंच रही है। मैं जिस क्षेत्र में हूं, उससे बाहर के लोगों तक, आम आदमी तक। मुझे अपने स्कूल के दोस्तों के फोन आ रहे हैं। आम आदमी जो खेलों में वास्तव में रुचि नहीं रखते हैं लेकिन आपके बारे में जानते हैं। मेरे परिवार के लिए भी यह पुरस्कार बहुत मायने रखता है क्योंकि वे खेल से बाहर के हैं। आपके क्षेत्र में लगभग हर कोई जानता है कि आप क्या कर रहे हैं और वे सब कुछ जानते हैं।'

## विश्व चैंपियनशिप और खेल रत्न के बाद तय किया नया लक्ष्य : गुकेश

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

डी गुकेश ने पिछले एक महीने में कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें विश्व चैंपियनशिप में जीत के बाद हाल में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना शामिल है। शतरंज का यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब 2025 में 'चुनौतीपूर्ण' वर्ष का सामना करने के लिए अपना ध्यान और लक्ष्य फिर से निर्धारित करना चाहता है।

गुकेश 17 जनवरी से नीदरलैंड के विज्क आन जी में शुरू होने वाले टाटा स्टील टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे जिसमें अनीश गिरी, अर्जुन एरिगेसी, फैबियानो कारुआना और आर प्रज्ञानानंद जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी होंगे। गुकेश ने रविवार को



वेस्टब्रिज कैपिटल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मीडिया से कहा, 'हां, 2025 काफी चुनौती पेश करेगा। बहुत सारे नए और दिलचस्प टूर्नामेंट होंगे। विश्व चैम्पियनशिप अब बीती बात हो चुकी है। मैं इसे जीतकर और सभी पुरस्कारों से बहुत खुश हूं। लेकिन अब मैंने नए लक्ष्यों, नए टूर्नामेंट और तैयारी के नए तरीकों के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। लक्ष्य और दृष्टिकोण वही रहेगा। अपना सर्वश्रेष्ठ देना, खुद को बेहतर बनाते रहना और जितना संभव हो सके उतने टूर्नामेंट जीतना।'

## खो-खो विश्व कप के ट्रॉफी के साथ मस्कॉट लांच

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में 13 जनवरी से 19 जनवरी तक होने वाले खो-खो वर्ल्ड कप के लिए शुक्रवार को ट्रॉफी और मस्कॉट का अनावरण किया गया। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष की मौजूदगी में मस्कॉट तेजस और तारा को लांच किया गया।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तहत आयोजित होने वाले यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। छह महाद्वीपों के 24 देशों की 21 मेंस और 20 महिला टीमें भाग लेंगी। विश्व कप जीतने वाली महिला और मेंस टीम को दो अलग-अलग ट्रॉफी दी जाएगी। मेंस चैंपियन के लिए एक नीली ट्रॉफी और महिला इवेंट के लिए एक हरी ट्रॉफी दी जाएगी।



#### ट्रॉफी के रंग का मतलब

*दोनों ट्रॉफियों पर खो-खो की गतिशील भावना को दर्शाया गया है, इसमें बहते हुए कर्व और सुनहरे रंग की आकृतियां उकेरी गई हैं। नीली ट्रॉफी विश्वास, दृढ़ संकल्प और सार्वभौमिकता का प्रतीक होगी तो वहीं, हरी ट्रॉफी विकास और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करेगी।*

Bafna Biotech
इम्यूनिटी बढ़ाए बाहरी रोगों से बचाएं
Tulsi Vita JUICE
तुलसी विटा

बलगम, रेशा
शरीर की कमज़ोरी
सांस की तकलीफ
खांसी, जुकाम
तनाव, सिरदर्द
नींद न आना
पेट और जिगर सम्बधी रोग
एलर्जी




दाद, खुजली
मलेरिया, पीलिया
माईग्रेन
मूत्र सम्बन्धी रोग
कील, मुहांसे, झाईयां
कब्ज, एसीडिटी
मुँह की दुर्गन्ध
जोड़ो, घुटनों का दर्द

रोजाना 30ml तुलसी वीटा को एक गिलास गर्म पानी में मिलाकर लेने से बहुत फायदा होता है।
Website : www.bafnabiotech.com, For Feed & Complaint : bafnabiotech@gmail.com
Consumer Complaint on : +91 8989405858, +91 9425504640

# कौन हैं महाकुंभ मेले में चर्चा का विषय बने तीन फीट के छोटू बाबा, 32 साल से नहीं किया स्नान

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ मेला 2025 की शुरुआत होगी, जो 26 फरवरी तक चलेगा। इससे पहले महाकुंभ मेला में साधु-संतों की आने की शुरुआत हो चुकी है। इस मेले में नागा साधु सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होते हैं। हालांकि, इस दौरान कई ऐसे साधु भी पहुंचते हैं, जो अपने अनोखे अंदाज की वजह से आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। महाकुंभ में असम के कामाख्या पीठ से आए 57 वर्षीय गंगापुरी महाराज भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। गंगापुरी महाराज को छोटू बाबा भी कहा जाता है।

## प्रयागराज महाकुंभ में पहली बार आए

प्रयागराज महाकुंभ में गंगापुरी महाराज पहली बार आए हैं। गंगापुरी महाराज जूना अखाड़े के नागा संत हैं। वह असम की कामाख्या पीठ से जुड़े हैं। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि सड़क पर निकलते ही लोग उनके साथ फोटो खींचने और सेल्फी लेने की कोशिश करते हैं। इसके कारण वह शिविर में छिपकर या गंगा के तट पर एकांत में साधना करते हैं।



## 32 साल से नहीं नहाने के पीछे की वजह

यहां आने वाले श्रद्धालु उनसे मिलते हैं और बातचीत करते हैं। वह लोगों को आशीर्वाद भी देते हैं। छोटू बाबा का अलग अंदाज मेले में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने अपने बारे में कई दिलचस्प बाते बताई हैं। उन्होंने 32 साल से नहीं नहाने की पीछे का कारण भी बताया है। गंगापुरी महाराज ने बताया मैंने 32 साल से स्नान नहीं किया है, क्योंकि मेरी एक इच्छा अभी तक पूरी नहीं हुई है। मैं गंगा में स्नान नहीं करूंगा। हालांकि, उन्होंने महाकुंभ मेले में शामिल होने पर कहा कि मुझे यहां आकर खुशी है। आप सभी यहां हैं, यह देखकर भी मैं खुश हूं।



## सिर्फ तीन फीट आठ इंच के हैं छोटू बाबा

श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने छोटू की लंबाई सिर्फ 3 फीट 8 इंच है। बाबा ने 32 साल से नहीं नहाने का दावा किया है। उनका यह दावा भी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अबी महाकुंभ मेले के दौरान यहीं रहने वाले हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती नदीं के संगम किनारे छोटू बाबा ने भी अपना कैंप लगाया है।

## आंतरिक शुद्धता है अधिक जरूरी

गंगापुरी महाराज अपने गुप्त संकल्प को सार्वजनिक नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि जब उनका संकल्प पूरा हो जाएगा, तो वह सबसे पहले क्षिप्रा नदी में डुबकी लगाएंगे। उनका मानना है कि बाहरी स्वच्छता से आंतरिक शुद्धता अधिक जरूरी है।



## रोचक खबरें

### जिंदादिली : अस्पताल के बेड पर थी बुजुर्ग, सजने का हुआ मन, लिपस्टिक लगा किया मेकअप!

**लिस्बन।** कहते हैं, उम्र सिर्फ संख्या मात्र है। इंसान भले ही जितना बड़ा हो जाए, अगर वो दिल से जवान होता है, तो वो हमेशा जिंदादिल बना रहता है। अगर इंसान बढ़ती उम्र के साथ ज्यादा तनाव लेने लगे, खुद को गंभीर बना ले, जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को जीना बंद कर दे, तो वो जीते जी मर जाएगा। जिंदादिली का सबूत एक बुजुर्ग महिला ने दिया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये महिला अस्पताल के बेड पर बीमार अवस्था में पड़ी है, उसकी नाक में नली लगी हुई है। उसकी स्किन से पता चल रहा है कि वो काफी उम्रदराज है। ऐसी स्थिति में भी वो मेकअप कर रही हैं। ये महिला दूसरों के लिए मिसाल हैं। वायरल वीडियो में एक बुजुर्ग महिला अस्पताल के बिस्तर पर लेटकर मेकअप करती दिखाई दे रही है। महिला ने जो चादर ओढ़ा है, उसपर सैंटो एंटोनियो लिखा है। गूगल पर सर्च करने से हमें पता चला कि ये पुर्तगाल में स्थित एक अस्पताल है। वीडियो में एक बुजुर्ग महिला अस्पताल के बेड पर लेटी है, उसकी नाक में नली लगी है, इससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो काफी बीमार है।



### होती है इच्छा पुरी : हजारों साल पुराना हनुमान मंदिर; हर किसी को नहीं आता बुलावा!

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के खजुराहो में एक ऐसा हनुमान जी का मंदिर है। जिसका इतिहास चंदेल शासकों से जुड़ा है। दरअसल, पुरातत्व विभाग के मुताबिक हनुमान जी की ये मूर्ति लगभग 1 हजार साल पुरानी है। हनुमान जी यहां वानर रूप में विराजमान हैं। पुजारी बताते हैं कि यह मंदिर चंदेल शासकों ने बनवाया था। पहले यहां जंगल था, एक गली निकली थी। इसलिए यहां के हनुमान जी गैल बब्बा जी के नाम से प्रसिद्ध हैं। हालांकि, हनुमान जी की यह मूर्ति भंवर बब्बा के नाम से भी प्रसिद्ध है। अब ये मंदिर पुरातत्व विभाग में शामिल कर लिया गया है। बता दें, इस मंदिर में तीन पुजारियों की ड्यूटी लगती है। शासन से ही पुजारी नियुक्त हैं। क्योंकि, यह मंदिर पुरातत्व विभाग की धरोहर है। पुजारी बताते हैं कि हनुमान जी का दुर्लभ मंदिर है। हनुमान जी की ऐसी दुर्लभ मूर्ति न जिले में हैं और न ही यहां के आसपास के जिलों में कहीं है। हनुमान जी की इतनी विशाल मूर्ति दुर्लभ ही देखने को मिलती है। यहां हनुमान जी वानर रूप में विराजमान हैं। जिले के ज्यादातर मंदिरों में हनुमान जी वानर रूप में विराजमान नहीं हैं।



### गर्लफ्रेंड को करना था इम्प्रेस, शेरों के पिंजरे में घुसा, गलती से अपनी ही मौत का बनाया वीडियो!


**ताशकंद।** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग हैं, जो दूसरों को प्रभावित करने की जुगत में लगे रहते हैं। वे दूसरों को इम्प्रेस करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। बात गर्लफ्रेंड की हो तो, मामला और गंभीर हो जाता है। लेकिन, इस चक्कर में ज्यादातर लोगों को मुश्किलों का सामना ही करना पड़ता है। कई बार तो लोग मौत के मुंह में भी समा जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही मामले के बारे में बताने जा रहे हैं, जो उज्बेकिस्तान के एक प्राइवेट जू का है। बताया जाता है कि निजी चिड़ियाघर का दरवाजा खुला रह गया था, ऐसे में तीन शेर पिंजरे से निकल कर बाहर भाग गए। गार्ड को लगा कि वे उन तीनों शेरों को पकड़कर पिंजरे में कैद कर देगा। ऐसे में इस घटना का उसने वीडियो बनाना शुरू कर दिया, ताकि बाद में वो इसे 'अपनी प्रेमिका को इम्प्रेस' करने के लिए भेज सके। लेकिन, गलती से गार्ड ने खुद की मौत का वीडियो कैप्चर कर लिया। बताया जाता है कि 44 वर्षीय एफ इरिस्कुलोव प्राइवेट जू में गार्ड थे। उज्जबेकिस्तान के लॉयन पार्क में वे शेरों के पिंजरे की तरफ सुबह 5 बजे पहुंचे और ताला खोल दिया। तभी तीन शेर उस पिंजरे से निकलकर बाहर भाग गए। ऐसे में गार्ड इरिस्कुलोव उन शेरों को वापस पिंजरे में बंद करने की कोशिश में जुट गए।



## पहचान : नाम की जगह तय होती है धुन

# वो गांव, जहां 'सीटी' मारकर एक-दूसरे को बुलाते हैं ग्रामीण

नई दिल्ली। हम सभी जानते हैं कि किसी भी इंसान की पहचान सबसे पहले उसके नाम से ही होती है। दुनिया के किसी भी कोने में चले जाइये, आपको पहचाना जाएगा तो उस नाम से, जो आपको आपके माता-पिता ने दिया है।



यही वजह है कि नाम और नामकरण का काफी महत्व है। ऐसे में अगर हम आपसे कहें कि एक ऐसी भी जगह है, जहां पर लोगों का नाम नहीं, बल्कि उनके नाम की जगह एक धुन का इस्तेमाल किया जाता है, तो आप चौंक जाएंगे।

अपने ही देश में वो गांव है, जहां पर लोगों के नाम नहीं हैं, बल्कि वे एक-दूसरे को सीटी मारकर बुलाते हैं। इसकी वजह ये है कि उनके नाम पर पैदा होते ही एक ट्यून तय हो जाती है और यही उनका नाम हो जाता है। आप जानते हैं इस गांव के बारे में? अब आप सोच रहे होंगे कि अगर नाम नहीं लेना है तो किसी को बुलाया कैसे जाएगा? इसके लिए आपको सीटी बजाना आना चाहिए।

■ सुनते ही दौड़े चले आते हैं लोग!

### क्या नाम नहीं होता?

ऐसा नहीं है कि यहां के लोग सिर्फ धुन पर ही जीते हैं। उनके नाम भी होते हैं, जो दस्तावेज़ में लिखे जाते हैं, लेकिन आमतौर पर उन्हें बुलाने के लिए सीटी का ही इस्तेमाल होता है। इसके पीछे वजह दिलचस्प है। दरअसल, पहाड़ियों में सीटी की धुन गूंजती है, ऐसे में लोग सीटी बजाकर एक-दूसरे को बुलाते हैं, ताकि दूर तक गूंज जाए और उन्हें सुनाई दे जाए। जैसे-जैसे तकनीक बढ़ती जा रही है, लोग मोबाइल में अपने नाम की धुन सेव कर लेते हैं और इसके ज़रिये नई धुन भी बना लेते हैं।





### कहां पर है ये अनोखा गांव?

ये बिल्कुल अलग सा गांव भारत के मेघालय में है। यहां के खासी पहाड़ी में कांगथान नाम का ये गांव बसा हुआ है। इसे अपनी अनोखी खासियत की वजह से ही व्हिसलिंग विलेज भी कहा जाता है। गांव में जब भी कोई बच्चा पैदा होता है, तो उसकी मां उसे एक अलग सी ट्यून बनाकर सुनाती है। बच्चा धीरे-धीरे ट्यून सुनकर पहचान जाता है कि ये उसके नाम की धुन है। फिर उसे बुलाने के लिए लोग इसी धुन का इस्तेमाल सीटी बजाकर करने लगते हैं। ये धुन अक्सर चिड़ियों की चहचहाहट से इंस्पायर होती है। इस धुन को जिंग्रवई लॉबेई कहा जाता है। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो वायरल होते रहते हैं।

# रूस की लंबी दूरी के रणनीतिक बमवर्षक कहीं भी कर सकते हैं परमाणु हमला



**मास्को।** रूस ने हाल में ही लंबी दूरी के विमानन बल (लॉन्ग रेंज एविएशन फोर्स) के गठन की 110वीं वर्षगांठ मनाई है। ये वर्तमान में रूस के स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हर साल 23 दिसंबर को रूसी एयरोस्पेस बलों का लंबी दूरी का विमानन दिवस मनाया जाता है। ये लॉन्ग रेंज एविएशन फोर्स रूसी न्यूक्लियर ट्रायड का हिस्सा हैं। ऐसे में जानें रूस के उन प्रमुख बमवर्षकों के बारे में जो परमाणु हमला कर सकते हैं।

**रूस के रणनीतिक बमवर्षक विमानों को जानें :** रूस के पास परमाणु हमला करने में सक्षम बमवर्षक विमानों की एक लंबी रेंज है। ये बमवर्षक दुनिया के किसी भी कोने में परमाणु हमला करने में सक्षम हैं। रूस ने इन्हें न्यूक्लियल ट्रॉयड और सेकेंड स्ट्राइक क्षमता के तौर पर भी तैयार किया है। ये बमवर्षक रूस के अलग-अलग इलाकों में तैनात हैं।

### टुपोलेव टीयू-160

टुपोलेव टीयू-160 एक सुपरसोनिक, वैरिएबल-स्वीप विंग, परमाणु हमला करने में सक्षम भारी रणनीतिक बमवर्षक विमान है। टुपोलेव टीयू-160 की रेंज 14,000 किमी और अधिकतम गति 2,200 किमी/घंटा है। यह विमान सबसोनिक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों और एयरो-बैलिस्टिक शॉर्ट-रेंज हाइपरसोनिक मिसाइलों को दाग सकता है।

### इल्यूशिन आईएल-78

इल्यूशिन आईएल-78 चार इंजन वाला रणनीतिक हवाई ईंधन भरने वाला टैंकर है, जिसकी रेंज 7,300 किलोमीटर है। इसकी अधिकतम गति 850 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है।

### टुपोलेव टीयू-95 एमएस

टुपोलेव टीयू-95एमएस एक चार इंजन वाला, टर्बोप्रॉप-संचालित रणनीतिक बमवर्षक विमान है। इस बमवर्षक की रेंज 10,500 किमी और अधिकतम गति 830 किमी/घंटा है। टुपोलेव टीयू-95एमएस के हथियारों में क्रूज मिसाइल, फ्रीफॉल बम और तोप शामिल हैं

### टुपोलेव टीयू-22एम3

टुपोलेव टीयू-22एम3 एक सुपरसोनिक, वैरिएबल-स्वीप विंग, लंबी दूरी का रणनीतिक और समुद्री हमला करने वाला बमवर्षक है। इसकी रेंज 6,800 किमी और अधिकतम गति 2,300 किमी/घंटा है। यह गाइडेड मिसाइल, हाइपरसोनिक एयरो-बैलिस्टिक मिसाइल, फ्रीफॉल बम और तोप से लैस है।

### मिकोयान मिग-31

मिकोयान मिग-31 एक सुपरसोनिक इंटरसेप्टर विमान और दुनिया के सबसे तेज परिचालन वाले लड़ाकू विमानों में से एक है। इसकी रेंज 3,300 किमी और अधिकतम गति 3,000 किमी/घंटा से अधिक है। यह हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, किंजल हाइपरसोनिक मिसाइलों और एक तोप से लैस है।

# ये देश नहीं, टाइम मशीन है; यहां घुसते ही 8 साल पीछे चला जाता है वक्त!

एजेंसी ▶▶| अदीस अबाबा



आपको सुनकर हैरानी होगी कि अगर कोई इस देश में 2024 में आएगा तो 2016 में पहुंच जाएगा यानि पूरे 8 साल पीछे। इस देश की सीमा के बाहर आपकी ज़िंदगी दुनिया के साथ चल रही होगी, लेकिन यहां घुसते ही आप वक्त से 8 साल पीछे चले जाएंगे। दुनिया में बहुत सी ऐसी अजीबोगरीब चीज़ें हैं, जिनके बारे में हम जानते भी नहीं। एक ऐसा ही देश है जो बाकी दुनिया से 8 साल पीछे है। अगर कोई बाहर से वहां प्रवेश करेगा तो वह एक बार में 8 साल पीछे के समय में चला जाएगा।

### परंपरा को नहीं बदला

यह एक टाइम मशीन की तरह लगता है, लेकिन यह सच है। इथियोपिया अफ्रीका का सबसे पुराना स्वतंत्र देश है लेकिन इथियोपिया बाकी दुनिया से 8 साल पीछे है। इसके पीछे एक वजह है। बाकी दुनिया ग्रेगोरियन कैलेंडर का उपयोग करती है, लेकिन इथियोपिया इथियोपियाई कैलेंडर का उपयोग करता है और उन्होंने अभी भी उस परंपरा को नहीं बदला है। इथियोपियाई कैलेंडर ग्रेगोरियन कैलेंडर से 8 वर्ष पीछे है।

### 13 महीने का है इथियोपियाई कैलेंडर

इथियोपियाई कैलेंडर में 12 महीने भी नहीं होते हैं, बल्कि ये तो 13 महीने का है। इथियोपियाई कैलेंडर में 12 महीने 30 दिन के होते हैं और तेरहवां महीना साल के बचे हुए दिनों से बनता है। इस तरह इथियोपिया में 13 महीने एक साल बनाते हैं। इथियोपिया के 8 साल के पिछड़ेपन के कारण दूसरे देशों से यहां काम करने या घूमने आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहां तारीख और साल देखकर आपको उसे ग्रेगोरियन कैलेंडर में बदलना होगा और हर बार उस दिन की तारीख देखनी पड़ती है।

# जहां 6 महीने तक सूरज नहीं उगता और ठंड से कांपती है धरती!

**लंदन।** अंटार्कटिका के वोस्तोक स्टेशन पर सूरज 6 महीने तक नहीं उगता। इस समय के दौरान, दिन और रात का कोई फर्क नहीं होता, और पूरी जगह अंधेरे में डूबी रहती है। सूरज के न उगने से तापमान में गिरावट और ज्यादा होती है, जिससे यहां की ठंड और भी बढ़ जाती है। वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका में स्थित है, जो पृथ्वी की सबसे ठंडी जगह मानी जाती है।

### सबसे कम तापमान था -89.2C

21 जुलाई 1983 को वोस्तोक स्टेशन पर रिकॉर्ड किया गया सबसे कम तापमान -89.2C था। यह तापमान न केवल अंटार्कटिका में, बल्कि पृथ्वी पर मापा गया अब तक का सबसे कम तापमान है। वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका के बर्फीले क्षेत्र में स्थित है, जो पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। यहां की बर्फ इतनी मोटी और घनी है कि यह किसी भी जीवित प्राणी के लिए अत्यधिक चुनौतीपूर्ण बन जाती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com